





### सज रहे भोले बाबा रुपहले जोड़े में...

# भूत-प्रेतों की टोली से सजी निकली भगवान भूतभावन शिव की बारात



## बोल बम, जय शिव शंकर के जयकारों से गूंजायमान हुआ शहर, जगह-जगह किया गया शिव बारात का भव्य स्वागत

जागरण, रीवा

शहर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिव बारात आयोजन एवं जनकल्याण समिति के तत्वावधान में भगवान भूतभावन की भव्य बारात का आयोजन व्यंकट रोड स्थित बैजू धर्मशाला प्रांगण से सुबह साढ़े 7 बजे किया गया। शिव बारात का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल व पंचमठा आश्रम के स्वामी विजयशंकर ब्रम्हचारी द्वारा शिव शंकर महादेव की पूजन-अर्चन कर किया गया। पूरा शहर सज रहे भोले बाबा सुनहरे जोड़े में..., शिवजी ब्याहने चले पालकी सजाय के... जैसे भजनों व बोल बम, हर-हर, बम-बम जैसे नारों से गूंजायमान हो गया।

शिव बारात में सबसे आगे मातृशक्ति सिर पर कलश धारण किए चल रही थी। इसके पश्चात अश्व सवार, अश्व सवारों के पीछे डीजे, बैंड जिनमें भगवान भोलेनाथ के सुमधुर भजन गूंज रहे थे। झाकियों में शिवशंभू की आकर्षक झांकी, रथ पर सवार संत, मां कालिका की जीवंत झांकी, देशभक्ति से ओतप्रोत जीवंत झांकी, तमिलनाडु के कलाकारों द्वारा शिव शंकर व नंदी बाबा की विशाल झांकी, श्री केदारनाथ मंदिर देव भूमि उत्तराखण्ड की झांकी, भोले की बारात में शामिल भूत-प्रेतों की टोली, बाहर से आए कलाकारों द्वारा भगवान नृसिंह अवतार, विशालकाय चिंपांजी सहित विभिन्न प्रकार की जीवंत झांकियां, बारात में शामिल नंदी बाबा, 31 फीट का विशाल त्रिशूल, राधा-कृष्ण की झांकी जिसमें कलाकारों द्वारा कृष्ण की रासलीलाओं की प्रदर्शन किया गया। मां कालिका नृत्य, अघोरी नृत्य, महाकाल परिवार की जीवंत झांकी सहित बड़ी संख्या में शहर की धर्मप्रेमी जनता बाराती के रूप में शामिल थी।

### विधि-विधान से हुआ शिव-पार्वती विवाह

शिव बारात बैजू धर्मशाला से प्रारंभ होकर खन्ना चौराहा, व्यंकट रोड, स्टेच्यू चौराहा, साईं मंदिर, चक्रधर सिटी, रसिया मोहल्ला, शिल्पी प्लाजा बी-ब्लॉक से होते हुए स्वागत भवन, प्रकाश चौराहा, स्टेच्यू चौराहा, सिन्धी चौराहा, फोर्ट रोड होते हुए एसके स्कूल के पास से मुड़कर श्रमकल्याण केन्द्र के पास स्थित पचमठा आश्रम पहुँची, जहां विधि विधान के साथ शिव-पार्वती का विवाह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पचमठा आश्रम में दिल्ली के चौपड़ा एण्ड चौपड़ा ग्रुप द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमत्री राजेन्द्र शुक्ल ने उपस्थित शिवभक्तों को महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामना



देते हुए कहा कि महामृत्युन्जय भगवान की यह रीवा नगरी है, उनकी कृपा से आज रीवा जिले के साथ सम्पूर्ण विन्ध्य क्षेत्र में सनातन का वातावरण निर्मित हो रहा है। उन्होंने शिव बारात आयोजन समिति द्वारा आयोजित भव्य भोलेनाथ की बारात, उसमें शामिल धार्मिक प्रसंगों पर आधारित झांकियों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज को एक नई दिशा प्रदान करते हैं तथा भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी होते हैं। भोलेनाथ की बारात जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय भजन गायिका शैलजा सिंह कानपुर, भजन सम्राट उत्तम राय कोलकता एवं प्रदीप सांवरा द्वारा भक्ति संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित श्रोताओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। स्टेज प्रोग्राम में महाराष्टीयन कलाकारों द्वारा गणेश वन्दना, सती दहन, कृष्ण लीला, राजस्थानी मटकी फोक डांस (सिर में 21 मटकी रखकर), मथुरा का चरकुला लोक नृत्य (मथुरा के कलाकारों द्वारा सिर पर 108 दीपों से) तथा देशभक्ति से परिपूर्ण भारतीय नृत्य मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा। भोलेबाबा की बारात में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, श्रद्धालुजन, महिलायें एवं बच्चे शामिल रहे तथा पचमठा में आयोजित विशाल भण्डारा में प्रसाद ग्रहण किया। पचमठा में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी अनिल केसरी ने किया। भोलेबाबा की बारात का हिन्दू उत्सव समिति धर्मपरिवार, गोल पार्क व्यापारी संघ, कायस्थ समाज, पुरवार समाज, साक्षी ज्वेलर्स, दीप कॉम्प्लेक्स व्यापारी संघ, सिन्धी समाज, केसरवानी समाज, अग्रवाल समाज, जैन समाज, नामदेव समाज लखेरा समाज, फोर्ट रोड व्यापारी मण्डल, ताम्रकार समाज, स्वर्णकार समाज, बाल्मीक समाज, सिगोते एवं नाहर समाज, सहित कई सामाजिक संगठनों एवं श्रद्धालुजनों द्वारा जगह-जगह पर पूजन-अर्चन एवं प्रसाद वितरण कर किया। समिति अध्यक्ष मनीष गुप्ता, कमलेश अग्रवाल, प्रतीक मिश्रा, संजय श्रीवास्तव, सुशील वर्मा, प्रतीक पाण्डेय, सुमित गुप्ता, सुरेश विश्नोई, ओमप्रकाश मिश्रा गुरु, वंशीलाल साहू, मनीष गुप्ता मन्टू, निक्की मोदनवाल, राजेश भल्ला, अजय ताम्रकार के नेतृत्व में निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, नगर निगम रीवा के महापौर अजय मिश्रा बाबा, परिषद अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, गुरुमीत सिंह मंगू, कविता पाण्डेय, शिवप्रसाद प्रधान, डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, डॉ. विनोद श्रीवास्तव, वीरेद्र आर्य, नरेन्द्र गुप्ता, संजय गुप्ता, राजेन्द गुप्ता, मुखिया, राजेन्द्र निगम, सुरेश राय, सहित हजारों श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। शिव बारात के सफलतापूर्ण आयोजन के लिए आयोजन समिति के मनीष गुप्ता ने सभी गणमान्य नागरिकों, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर निगम, एवं बारात में झांकियां शामिल करने वाली समितियों तथा आम जनमानस का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### शिव जी की बारात में उप मुख्यमंत्री हुये शामिल

महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान भोलेनाथ की बारात में निकाली गयी। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बैजू धर्मशाला पहुंचकर शिव जी की बारात में शामिल हुये। उप मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पूजा-अर्चना करके विन्ध्य क्षेत्र और पूरे प्रदेश की खुशहाली की कामना की तथा आमजनों को महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य क्षेत्र में देश के सबसे प्राचीनतम शिव मंदिर स्थित हैं। रीवा में महामृत्युंजय मंदिर, देवतालाब शिव मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, गुढ़ में कष्टहरनाथ शिव मंदिर, बिरसिंहपुर में गैवीनाथ शिव मंदिर में हजारों भक्त प्रतिदिन श्रद्धापूर्वक भजन पूजन करते हैं। भगवान शिव के आशीर्वाद से ही क्षेत्र का विकास हो रहा है। रीवा में शिव बारात आयोजन समिति पिछले कई वर्षों से महाशिवरात्रि पर भव्य शिव बारात का आयोजन कर रही है। हजारों लोगों का इसमें शामिल होना आयोजन की सफलता का प्रमाण है। भगवान शिव हम सब पर अपनी कृपा सदैव बनाये रखें। शिव जी की बारात बैजू धर्मशाला से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुई पचमठा धाम पहुंची। शिव जी की बारात में धर्मध्वजा आगे-आगे चली। बरात में शहनाई, नगरिया, ढोल, नगाड़े जैसे पारंपारिक वद्ययंत्रों से मधुर धुनें बजाई गयीं। बारात में घोड़ा, बग्घी विभिन्न भगवान की झाकियाँ सहित हजारों भक्तगण शामिल रहे। बारात के लिए पुलिस ने सुरक्षा और यातायात के विशेष प्रबंध किये। बारात का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। शिव बारात में भगवान राम, महाकाल और भैरव की झांकी आकर्षण का केन्द्र रहीं। बारात में 31 फिट का विशाल दिव्य त्रिशूल सबके आकर्षण का केन्द्र रहा।





### चिरहुलानाथ मंदिर में बारह ज्योर्तिलिंगों का किया अभिषेक

महाशिवरात्रि पर्व पर चिरहुलानथ मंदिर में बारह ज्योर्तिलिंग का रूद्राभिषेक किया गया। सुबह से ही यहां भक्तजनों की भीड़ उमड़ने लगी थी।द्ध 9 बजे तक मंदिर के सामने भक्तजनों की लंबी कतार लग गई। सुबह जल्द ही मंदिर परिसर में स्थित प्रसाद आदि की प्रतिष्ठान खुल गए थे। भक्तजनों ने गंगाजल, दूध, दही, शहर आदि से भगवान भोले का रूद्राभिषेक कर प्रसाद अर्पण किया। दोपहर तक मंदिर परिसर भक्तों की भीड़ से खचाखच भर गया था। शाम तक भक्तों द्वारा शिव शक्ति का पूजन, अर्चन का दौर चलता रहा।

### शिव बारात का स्वागत कर धर्म परिवार ने किया भंडारा



रीवा। महाशिवरात्रिपर्व पर ऐतिहासिक शिव बारात का स्वागत पुष्पवर्षा से हिंदू उत्सव समिति धर्म परिवार के अध्यक्ष गुरमीत सिंह मंगू के नेतृत्व में धर्म परिवार के पदाधिकारी व सदस्यों ने व्यंकट तिराहा में किया। इस दौरान शिव बारात में शामिल शिव भक्तों के लिए धर्म परिवार द्वारा प्रसाद भंडारे का लंगर किया। इसके पूर्व भगवान शिवजी माता पार्वती की विधि विधान से आराधना व आरती धर्म परिवार के अध्यक्ष सहित पदाधिकारियो ने की। बोल बम के नारों से शहर का पूरा वातावरण शिव के भक्ति में रसाबोर हो गया। इस दौरान धर्म परिवार के नगर अध्यक्ष अनिल मिश्रा महासचिव सुरेश विश्नोई कोषाध्यक्ष श्रीप्रकाश तोमर युवा अध्यक्ष राजीव वर्मा गुड्डू महिला अध्यक्ष ऋचा गुप्ता सांस्कृतिक सचिव राजमणि तिवारी भोला पूर्व पार्षद विश्वनाथ सिंह खारोल, राजेश नामदेव मनीष साहू राजेश साहू पुनीत वर्मा गोलू रवि तिवारी दीपू सिंह नागेंद्र वर्मा मोतीलाल नामदेव राजेश नामदेव राजू श्यामू वर्मा केशव वर्मा लल्लू यादव प्रभात सिंह सत्यम शिवम मिश्रा अनुराग सिंह शशिमोल तिवारी संस्कार त्रिपाठी रमेश विश्वकर्मा, महिला इकाई उपाध्यक्ष चांदनी गुप्ता सचिन माधुरी सोधिया प्रतिभा मिश्रा किरण पटेल महिमा शेरवानी सहित अन्य पदाधिकारियों ने धर्म परिवार के अलख को आगे बढ़ाया।

### भक्तों ने पूजन के साथ किये पार्थिव शिवलिंग निर्माण



रीवा। हिन्दू धर्म परिषद का लगातार दूसरे वर्ष मनकामेश्वर मंदिर में 11 हजार पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण-पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान के तौर संजय गांधी अस्पताल के पूर्व संचालक डॉ. सी.बी.शुक्ला ने कहा कि विंध्य की धरा में यह प्रेरणादायी परम्परा की शुरुआत है, जिसका अनुसरण आने वाले समय में समूचा हिन्दू धार्मिक समाज करेगा। शिवभक्त गणमान्य यजमानों ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किये। प्रमुख रूप से डॉ. के.के.परौहा, रश्मि शुक्ला, आर.बी.द्विवेदी, आर.सी.एम., पियूष द्विवेदी मानस मंडल, पवन मंशानी, दिलीप ठारवानी, डॉ. विनोद तिवारी, अवनीश शर्मा, बी.के.लता, बी.के.प्रकाश, अभिषेक मिश्रा, उमा अग्रवाल, नरेश मिश्रा, सुलेखा पटेल, शकुंतला मिश्रा ने अपने साथियों सहित पूजन अर्चन किया। परिषद के संस्थापक नारायण डिगवानी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। पार्थिव शिवलिंगों का विधिवत विसर्जन संरक्षक संजय तिवारी मुन्नू एवं महिला अध्यक्ष ममता नारेन्द्र सिंह संरक्षक ऋषि शंकर मिश्रा ने किया। संरक्षक जगन्नाथ साहू ने शिवभक्तों का स्वागत शिवनामी पट्टा पहना कर किया। अगले वर्ष इस कार्यक्रम को बड़े पैमाने पर करने का संकल्प आयोजन समिति ने लिया। विशाल भंडारे में सैकड़ो भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## अग्रवाल समाज ने किया बारात का भव्य स्वागत



रीवा। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर अग्रवाल समाज के तत्वावधान में शिव बारात आयोजन एवं जनकल्याण समिति द्वारा निकाली जा रही शिव बारात का स्थानीय फोर्ट रोड काँच से निर्मित महालक्ष्मी-अग्रसेन मंदिर परिसर में शिव बारात का भव्य स्वागत किया गया। बारात का स्वागत अग्रबन्धुओं ने फूल वर्षा के साथ किया। नेतृत्वकर्ता मनीष गुप्ता का मंत्री नूतन अग्रवाल ने शाल श्री फ़ल से सम्मान किया। तत्पश्चात आयोजन अध्यक्ष मनीष गुप्ता, कमलेश अग्रवाल और उनकी पूरी टीम ने माता महालक्ष्मी और अग्रसेन जी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर आरती पूजन का कार्यक्रम किया। दोपहर 12 बजे से सभी शिव भक्तों के लिए फल मिष्ठान का वितरण अग्रवाल समाज द्वारा किया गया। शिव बारात स्वागत में मुख्य रुप से मंत्री नूतन अग्रवाल एड., राकेश अग्रवाल, शेखर अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, शारदा अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, राकेश अग्रवाल बच्ची भैया, रूपेश अग्रवाल, आर.जी.अग्रवाल, मुरली अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में अग्रजनों ने बारात का स्वागत एवं प्रसाद वितरण किया।

### भण्डारा स्थलों पर सफाई के काम में जुटी रही ननि की टीम

जागरण, रीवा। महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर शहर में नगर निगम की सफाई टीम दिन भर सक्रिय रही और भण्डारा स्थलों पर सफाई के काम में जुटी रही। शहर में महाशिवरात्रि पर्व बड़े ही भव्य एवं श्रद्धापूर्ण वातावरण में मनाया गया। आकर्षक झांकियों के साथ भव्य शिव बारात निकाली गई तथा जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर निगम की स्वच्छता टीम पूरी तरह सक्रिय एवं सतर्क रही। महाशिवरात्रि पर्व के भव्य आयोजन के उपरांत नगर निगम द्वारा त्वरित सफाई अभियान चलाकर शहर को स्वच्छ बनाने का कार्य किया गया। रविवार को निगम की स्वच्छता टीम द्वारा गुप्ता पेट्रोल पंप के सामने, कॉलेज चौराहा से शिल्पी प्लाजा, प्रकाश चौराहा, एसएएफचौराहा, प्रकाश चौराहा से छोटी दरगाह, सुपर स्पेशलिटी मोड़ तक तथा अस्पताल चौराहा से धोबिया टंकी चौराहा, जय स्तंभ रोड एवं एसके स्कूल रोड तक व्यापक सफाई अभियान संचालित किया गया। महाशिवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिव बारात, मंदिरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर एकत्र हुए थे, जिसके चलते विभिन्न मार्गों पर भंडारों के अवशेष, डिस्पोजल सामग्री एवं अन्य कचरा एकत्र हो गया था।

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
कामता सोनोग्राफी सेन्टर
(अल्ट्रासाउण्ड)
डॉ. रश्मी शुक्ला
M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur
ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599,9399312433

आयुष्मान में निःशुल्क एवं कैशलेश ईलाज की सुविधा उपलब्ध
कीमोथेरेपी | शिशु रोग विभाग | पथरी का ऑपरेशन
हड्डी का ऑपरेशन | कैंसर का ऑपरेशन | प्लास्टिक सर्जरी
जनरल सर्जरी | आकस्मिक सुविधा | यूरो सर्जरी
जबड़े का फ्रैक्चर
नेशनल हॉस्पिटल, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें- 18008890620, 8608600604 7566831551

## जिले में 200 से ज्यादा निजी एंबुलेंस, कई में न जरूरी सुविधाएं, न ही हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट

### मरीजों से भारी रकम ऐंठकर निजी अस्पतालों से भी कर रहे कमीशनखोरी, जांच कौन करेगा, इसे लेकर जिम्मेदारी तय नहीं



जागरण, रीवा

रीवा और मऊगंज जिले में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा के नाम पर 200 से ज्यादा निजी एंबुलेंस दौड़ रहीं हैं। वैन और सवारी वाहनों की शक्ल वाली इन अधिकांश एंबुलेंस में तय मानकों के अनुसार न तो मरीजों के लिए जरूरी सुविधाएं व संसाधन हैं, न ही हाईकोर्ट के सख्त आदेश के बावजूद इनमें हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेटें लगी हैं। सरकारी अस्पतालों के इर्द-गिर्द जमावड़ा बनाए रखने वाले एंबुलेंस चालकों व संचालकों पर आरोप लग रहे हैं कि वे मरीजों से भारी-भरकम रकम ऐंठकर उन्हें अपना शिकार बनाते हैं। इतना ही नहीं, बाहरी मरीजों को अपने पसंद के निजी अस्पतालों में भर्ती कराते हैं, जिसके एवज में उन्हें अच्छा खासा कमीशन मिलता है। यह एंबुलेंस तय मानकों के अनुसार चल रहीं हैं कि नहीं, इनमें लगे सुरक्षा संसाधनों का ऑडिट कब-कब हुआ, इसकी जांच करने व जानकारी देने वाला भी कोई नहीं है।

### सुविधाओं की हकीकत यह

रकारी स्तर की 108 एंबुलेंस सेवा के मुकाबले निजी एंबुलेंस में सुविधाएं संसाधन एक चौथाई भी नहीं हैं। इनमें सिर्फ एक-दो मिनी मीडियम साइज ऑक्सीजन सिलिंडर, रेगुलेटर, फर्स्ट बॉक्स, स्ट्रेचर ही शामिल है। डेफिब्रिलेटर, कॉर्डियक मॉनिटर जैसे उपकरण न के बराबर है। वहीं उपलब्ध सुविधाओं का ऑडिट करने के अलावा पॉल्युशन सर्टिफिकेट तो अधिकांश के पास नहीं हैं। कंडम वाहन तक एंबुलेंस के रूप में चल रहे हैं। खास बात ये भी है कि इनमें हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट तक नहीं लगवाई गई हैं। एंबुलेंस की आड़ में कुछे ऐसे मामले भी पुलिस ने पकड़े हैं, जिनमें अवैध गतिविधियां संचालित की जा रहीं थीं।

### इधर, निजी एंबुलेंस का डेटा ही नहीं

रीवा और मऊगंज में कितनी निजी एंबुलेंस हैं, कितने संचालक चालक सक्रिय हैं, क्या अन्य जिलों की एंबुलेंस भी यहां परिचालन में हैं? आदि-आदि से संबंधित कोई भी डेटा जिले के स्वास्थ्य विभाग और परिवहन विभाग के पास नहीं है। इन निजी एंबुलेंस में नियमानुसार सुविधाएं स्थापित हैं कि नहीं, इसकी जांच तक नहीं हो रही है। निजी अस्पतालों के एजेंट के रूप में एंबुलेस के चालक संचालक सरकारी अस्पतालों में डेरा डाले रहते हैं।

### ऑक्सीजन किट का ऑडिट जरूरी

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार ऑक्सीजन किट का ऑडिट हर महीने करना चाहिए, जिसमें ऑक्सीजन सिलेंडर, रेगुलेटर और मास्क की जांच की जानी चाहिए। किट का विस्तृत ऑडिट हर 6 महीने करना जरूरी है। जिसमें ऑक्सीजन सिलिंडर, रेगुलेटर और मास्क की विस्तृत जांच की जानी चाहिए। इसी तरह वार्षिक ऑडिट में ऑक्सीजन सिलिंडर, रेगुलेटर और मास्क की विस्तृत जांच कर यह देखा जाना चाहिए कि इसमें मरम्मत या बदलाव की जरूरत तो नहीं है।

### यह हैं अनिवार्य सुविधाएं

- एंबुलेस में ऑक्सीजन किट होना अनिवार्य है, जिसमें ऑक्सीजन सिलिंडर, रेगुलेटर, मास्क शामिल हो।
- एंबुलेंस में प्राथमिक चिकित्सा किट होना अनिवार्य है, जिसमें बैंडेज, गोज, एंटीसेप्टिक क्रीम और अन्य आवश्यक समग्री हामिल हो।
- एंबुलेस में कार्डियक मौक्टिर होना अनिवार्य है जो मरीज के दिल की धड़कन और रक्तचाप की निगरानी करने में मदद करता है।
- एंबुलेंस में डेफिब्रिलेटर होना अनिवार्य है, जो मरीज के दिल को सामान्य धड़कन में लाने में मदद करता है।
- एंबुलेंस में स्ट्रेचर होना अनिवार्य है जो मरीज को सुरक्षित रूप से एंबुलेंस में ले जाने में मदद करता है।
- एंबुलेंस में फर्स्ट एड बॉक्स होना अनिवार्य है जिसमें आवश्यक दवाएं और सामग्री हामिल हो।
- एंबुलेस में संचार उपकरण जैसे कि मोबइल फोन, रेडियो आदि होना अनिवार्य है जो एंबुलेंस को अस्पताल और अन्य आपातकालीन सेवाओं से संपर्क में रखने में मदद करते हैं।
- एंबुलेंस में प्रकाश और अलार्म होना अनिवार्य है जो एंबुलेस को रास्ते में आने वाले वाहनों और पैदल यात्रियों को सूचित करने में मदद करते हैं।

## पूरक पोषण आहार व्यवस्था फिर निजी हाथों में सौंपने की तैयारी

### स्व-सहायता समूहों के महासंघ से वापस लिया जा सकता है काम

### राशन अमानक पाने पर 38 करोड़ रुपये भुगतान काटने का नोटिस जारी



जागरण, रीवा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले भर में आंगनबाड़ियों के माध्यम से तीन वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती, धात्री माताओं और किशोरियों को पूरक पोषण आहार दिया जाता है। पूरक पोषण आहार वितरण में लगातार मिल रही शिकायतों के कारण फिर से निजी हांथों में सौंपने की तैयारी कर ली गई है। विभाग ने 38 हजार 304 टन टेक होम राशन को अमानक पाने पर 38 करोड़ रुपये भुगतान काटने की बात स्वीकारते हुए नोटिस भी जारी किया है। मध्य प्रदेश में प्रतिवर्ष लगभग एक हजार 200 करोड़ रुपये का पूरक पोषण आहार आंगनबाड़ियों के माध्यम से तीन वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती, धात्री माताओं और किशोरियों को दिया जाता है। अनियमितता की शिकायतों के कारण ही तत्कालीन शिवराज सरकार ने एमपी एग्रो से यह काम लेकर महिला स्व-सहायता समूहों के महासंघों को सौंपा था। संयंत्र की स्थापना के लिए आर्थिक सहयोग भी दिया, लेकिन अब इन्हीं संयंत्रों में गड़बड़ी को आधार बनाकर दोबारा ठेकेदारी व्यवस्था लागू करने की तैयारी है।

महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत आने वाले महिला वित्त विकास निगम के द्वारा टेंडर जारी कर इस व्यवस्था को निजी हाथों में सौंपा जाएगा। प्रदेश के रीवा सहित मंडला, सागर, नर्मदापुरम, देवास, धार और शिवपुरी में सात संयंत्र हैं, जिनमें टेक होम राशन तैयार होता है। इनका संचालन महिला स्व सहायता समूहों के महासंघ करते हैं। यह व्यवस्था हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ के राशन आपूर्ति बड़े ठेकेदारों से नहीं कराने संबंधी व्यवस्था दिए जाने के बाद बनाई गई थी। कमलनाथ सरकार ने व्यवस्था में परिवर्तन कर फिर से काम एमपी एग्रो दे दिया था, जिसे शिवराज सरकार ने बदलकर स्व-सहायता समूहों को सौंप दिया। तब से यही व्यवस्था चली आ रही है, लेकिन आपूर्ति में विलंब, स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित संयंत्रों में गड़बड़ी सहित अन्य को आधार बनाकर फिर ठेकेदारी व्यवस्था लागू करने की तैयारी है। प्रस्ताव तैयार भी हो चुका है।

### विवादों में रहा है टेक होम राशन

प्रदेश में टेक होम राशन की व्यवस्था पहले भी विवादों में रही है। 2024-25 की कैग रिपोर्ट में परिवहन में ट्रकों के नंबर की जगह बाइक, टैंकर, कार और ऑटो के मिले। 62 करोड़ 72 लाख रुपये का 10,176 टन पोषण आहार न गोदाम में मिला और न परिवहन के प्रमाण मिले। 58 करोड़ रुपये के आहार का फर्जी उत्पादन बताया गया। 237 करोड़ रुपये कीमत के 38 हजार 304 टन पोषण आहार की स्वतंत्र एजेंसी से जांच ही नहीं कराई, वितरण व्यवस्था पर भी संदेह जताया गया। 49 आंगनबाड़ी केंद्रों में शाला त्यागी किशोरी बालिकाएं तीन दर्ज थीं, लेकिन एमआइएस पोर्टल पर 63 हजार 748 और 2018 से 2021 के बीच 29 हजार 104 को टेक होम राशन वितरित किया गया।

## आरोपियों को फांसी की सजा दी जाए: एड. सुमिता सिंह



रीवा। मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के सदस्य पद की प्रत्याशी अधिवक्ता सुमिता सिंह गहरवार ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र भेज कर मांग की है की शिवपुरी में अधिवक्ता संजय सक्सेना की गोली मार कर हत्या किए जाने पर आरोपियों को गिरफ्तार किया जा कर जल्द फांसी की सजा दिलाने हेतु फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामला चलाए जाने की कार्यवाही की जाय और मृतक संजय सक्सेना के परिवार को 1 करोड़ की राशि दिलायी जाय, साथ ही मृतक अधिवक्ता के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाय।

## पर्ची काउंटर में व्हीआईपी ट्रीटमेंट से परेशान हो रहे मरीज

### लंबी लाइन के बीच चहेतों को पहले दिया जाता है प्रवेश

जागरण, रीवा। एसजीएमएच की पुरानी ओपीडी के पर्ची काउंटर में मरीजों की लंबी कतार लग रही है। मौसम के बदलाव के बाद मरीजों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। यहां एक तो काउंटर व लाइन के लिए जगह कम होने से मरीजों व उनके परिजनों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। वहीं इन लंबी कतारों के बीच पर्ची काउंटर में बैठे कर्मचारी व्हीआईपी ट्रीटमेंट देने लगते हैं, जिससे और ज्यादा परेशानी बढ़ जाती है। सिफारशी लोगों व अपने जान-पहचान वालों को पर्ची काउंटर में बैठे कर्मचारी पहले पर्ची बनाने लगते हैं। इतना ही नहीं वह इस दौरान उनके साथ इतना व्यस्त हो जाते हैं कि लंबी कतार में खड़े मरीजों को भुला दिया जाता है। जो पर्ची दो मिनट में कटती है उसमें 5 से 7 मिनट का समय एक व्यक्ति पर लगा दिया जाता है, जिससे लंबी कतार में लगे मरीजों को काफी इंतजार करना पड़ता है। एसजीएमएच की पुरानी ओपीडी में इस बात को लेकर विवाद भी होते हैं। बीच में पर्ची को लेकर ही एक महिला और आपरेटर के बीच हुए विवाद से हड़कंप मच गया था। इसके बाद भी सुधार नहीं किया गया। फोन की व्यस्तता और व्हीआईपी ट्रीटमेंट से मरीज व परिजन और ज्यादा परेशान हो जाते हैं।

## मरीजों की राय जानने सभी विभागों में लगाई गईं थीं पेटियां, खाली पड़ीं

जागरण,रीवा। जिला अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं को लेकर मरीजों की राय जानने जिला अस्पताल के सभी विभागों के बाहर शिकायत व सुझाव पेटियां लगाई गईं थीं लेकिन यह पेटियां इन दिनों बिल्कुल खाली दिख रहीं हैं, इन पेटियों में न ही सुझाव दिए जा रहे हैं और न ही शिकायतें की जा रहीं हैं। बता दें कि इन पेटियों को लगाने के पीछे जिला अस्पाल प्रबंधन की सोच यह थी कि यदि किसी मरीज को किसी प्रकार की समस्या जिला अस्पताल के स्टाफ या फिर चिकित्सकों से है तो वह गुप्त रूप से इस पेटी में अपनी शिकायत दे सकेंगे और किसी प्रकार की समस्या को कैसे दूर किया जाए, इसके लिए सुझाव दे सकेंगे। इसी सुझाव व शिकायत को प्राप्त करने के लिए सभी विभागों में सुझाव व शिकायत पेटियां लगाई गईं थीं लेकिन इन पेटियों में न ही मरीज व परिजन शिकायतें कर रहे हैं और न ही इनमें सुझाव दिए जा रहे हैं। लंबे समय से यह पेटियां खाली हैं। पहले जब इसकी शुरुआत की गई तो इसमें सुझाव व शिकायतें जिला अस्पताल पहुंच रहीं थीं, जिन्हें हर शनिवार पेटी खोलकर उनका निराकरण किया जाता था।

## एक आधार से चालू हो सकते हैं 9 मोबाइल नम्बर

### एक बार में 3 मोबाइल नम्बर चालू करने का विकल्प, अनजान ग्राहक होते हैं धोखे का शिकार




जागरण,रीवा। नया मोबाइल नम्बर लेना है तो सतर्कता बरतें, क्योंकि किसी भी कंपनी का नया मोबाइल नम्बर लेने पर आधार कार्ड अनिवार्य लगता है और एक आधार नम्बर से अधिकतम 9 मोबाइल नम्बर को चालू रखने का प्रावधान है। इतना ही नहीं, ग्राहक जब एक बार मोबाइल नम्बर लेने आवेदन के साथ रिटेलर यानि विक्रेता को आधार देता है, तब एक साथ तीन मोबाइल नम्बर चालू करने का विकल्प आता है। बताते हैं कि कुछ जालसाज रिटेलर ग्राहकों की नासमझी का फायदा उठाते हैं और निजी लाभ के लिए उसी समय तीन मोबाइल नम्बर के लिए आवेदन कर देते हैं। ऐसे में आधार कार्ड देने वाले ग्राहक को एक मोबाइल नम्बर मिल जाता है, जबकि उक्त ग्राहक के दो अन्य मोबाइल नम्बर रिटेलर किसी अन्य को ऊंचे दाम में बेच देता है। ऐसे ही मोबाइल नम्बर का दुरूपयोग अपराधी किस्म के लोग करते हैं। जिला दूरसंचार कार्यालय में बीएसएनएल धारक ग्राहकों के कुछ प्रकरण आये हैं, जिसमें ग्राहक के पास केवल एक नम्बर उपलब्ध है। वहीं, उसके नाम से 8 अन्य नम्बर संचालित है। ऐसी शिकायतों को देखते हुए जिला दूरसंचार कार्यालय ने ग्राहकों को सावधानी के साथ नया मोबाइल नम्बर खरीदने की हिदायत दी है, ताकि उनके साथ इस तरह की घटना न हो।

### आधार कार्ड नम्बर अनिवार्य

गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने किसी भी कंपनी का मोबाइल नम्बर संचालित करने आधार कार्ड अनिवार्य कर दिया है। रिटेलर द्वारा ऑनलाइन एप्लीकेशन के जरिये मूल आधार कार्ड को वैरिफाई किया जाता है। फिर आधार कार्ड धारक ग्राहक का मौके पर ही फोटो खींचा जाता है। इसके बाद ही मोबाइल नम्बर चालू करने का विकल्प आता है। इस दौरान ग्राहक जागरूक रहें तो उनके आधार से एक बार में केवल एक ही मोबाइल नम्बर चालू होगा।

### टेफकाप की वेबसाइट में देखें, आपके आधार से कितने नम्बर हैं चालू

एक आधार नम्बर पर कितने मोबाइल नम्बर चालू हैं, यदि इसके बारे में ग्राहक जानना चाहते हैं तो टेलिकॉम एनालिटिक्स फॉर फ्राड मैनेजमेंट एंड कंज्यूमर प्रोटेक्शन (टेफकाप) की वेबसाइट पर जा सकते हैं। डीजीटेलिकाम.जीओवी.इन नाम की वेबसाइट में ग्राहक अपना मोबाइल नम्बर लिखेंगे। तुरंत उनके मोबाइल नम्बर पर ओटीपी आयेगा। ओटीपी डालते ही आपकी प्रोफाइल खुल जायेगी, जिसमें आपके आधार नम्बर से कितने मोबाइल नम्बर चालू हैं, दिख जायेगा।

## शहर की यातायात व्यवस्था चरमराई, सभी प्रमुख चौराहों पर लगता है जाम

### त्यौहारों की इस मौसम में एंबुलेंस तक होती हैं जाम की शिकार



जागरण, रीवा। त्यौहारों की इस मौसम में शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। शहर के प्रत्येक प्रमुख चौराहों पर जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। यातायात पुलिस और नगर निगम की लापवाही से रीवा शहर यातायात की बदहाली का प्रतीक बन गया है। सुबह से देर शाम तक शहर की प्रमुख सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आते हैं। आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। इस अव्यवस्था का सबसे चिंताजनक पहलू तब देखने को मिलता है जब गंभीर मरीज को ले जा रही एंबुलेंस तक जाम की शिकार होकर भीड़ में खड़ी नजर आती है। दिन भर सड़कों एवं चौराहों पा लगने वाले जाम ने यातायात प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिरकार ऐसे समय में यातायात पुलिस कहां चली जाती है।

### प्रमुख चौराहों पर लगा घंटों जाम

शहर के लगभग सभी मुख्य चौराहे जाम से जूझ रहे हैं। गुढ़ चौराहा, अस्पताल चौराहा, धोबिया टंकी, सिरमौर चौराहा, दोनो बस स्टैण्ड, ढेकहा तिराहा, अमहिया और कलेक्ट्रेट के आसपास घंटों तक यातायात अव्यवस्थित रहा। फोर्ट रोड पर तो स्थिति बेहद खराब है। जब वाहनों का लंगा जाम लग जाता है तो एकाध पुलिसिये भी कुछ नहीं कर पाते हैं। शहर की यातायात व्यवस्था कितनी चरमरा गई है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि न तो सड़कों पर से ठेले हट पाये है और न ही फुटपाथ से बड़ी-बड़ी दुकानों को ही हटाया गया है।

### जनता बेहाल, जिम्मेदार अधिकारी लापरवाह

शहरवासी रोजाना इस तरह के जाम से जूझते हैं, लेकिन यातायात प्रबंधन का हाल जस का तस बना हुआ है। जिम्मेदार अधिकारी हर बार बहाने बनाकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं, जबकि हकीकत यह है कि रीवा जैसे तेजी से विकसित हो रहे शहर में ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए एक मजबूत और स्थाई योजना का अभाव है। यातायात पुलिस की भूमिका केवल चालान काटने तक ही सीमित दिखती है। पुजिस स्वयं सड़क पर वाहन चेकिंग के नाम पर जाम लगाती है। जाम की असली समस्या को हल करने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## मरीजों की जान पर भारी पड़ रही फर्जी जांच रिपोर्ट

### स्वास्थ्य विभाग की शह पर चल रही हैं अवैध पैथोलॉजी

जागरण, रीवा। स्वास्थ्य विभाग की सुस्त कार्रवाई से अवैध पैथोलॉजी सेंटर्स के हौसले बुलंद हैं। खुलेआम किराना दुकान की तरह पैथोलॉजी सेंटर खुल रहे हैं। बिना रजिस्ट्रेशन के मरीजों की रिपोर्ट तैयार की जा रही है और प्रशासन को खुला चैलेंज दिया जा रहा है। मौत के सौदागरों पर रहमत बरसाई जा रही है। सिर्फ नोटिस जारी कर खानापूर्ति की जा रही। खास बात यह है कि इन अवैध पैथोलॉजी सेंटरों को स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी-अधिकारी शह दे रहे हैं। सूत्रों की मानें तो इसके एवज में उन्हें दो से पांच हजार रुपये हर महीने पैथोलॉजी संचालक दे रहे हैं। ज्ञात हो कि जिले के गली मोहल्लों में अवैध रूप से पैथोलॉजी सेंटर खुल गए हैं। अप्रशिक्षत लोग मरीजों की जांच कर रहे हैं। गलत रिपोर्ट लोगों की जान ले रही हैं। रीवा जिले में वैसे तो एक सैकड़ा से अधिक सेंटर संचालित हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के पास लगभग गिनती के ही पंजीकृत हैं। शेष सेंटर बिना पंजीयन के ही जांच और रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं। अवैध काम में मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल व स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों की भी भूमिका संदिग्ध है। इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को है। इसके बाद भी उनके द्वारा ऐसे पैथोलॉजी सेंटरों पर नकेल नहीं कसी जा रही है। सूत्रों की मानें तो इन सेंटरों से स्वास्थ्य विभाग को भी मोटी कमाई हो रही है। महीने में एक बड़ा हिस्सा स्वास्थ्य विभाग तक पहुंच रहा है। क्लीनिकों में मरीजों के सैम्पल तो लिए जाते हैं, लेकिन जांच के नाम पर उन्हें धोखा दिया जाता है। पैथोलॉजी सेंटरों में मरीजों की पहले से तैयार रिपोर्ट में नाम बदल दिए जाते हैं। बीमारी और जांच रिपोर्ट यथावत रहती है। ऐसे में मरीजों की गलत जांच रिपोर्ट उन्हें परेशानी में डाल देती है। डॉक्टर इसी रिपोर्ट के आधार पर गलत इलाज कर देते हैं। इस लापरवाही का शिकार रीवा में डॉक्टरों तक को होना पड़ा है। कुछ मरीजों की जान तक जा चुकी है। बता दें कि कुछ माह पूर्व ही शासकीय कर्मचारी को कैंसर पॉजिटिव बता दिया गया लेकिन जब उसने मुम्बई जाकर दोबारा जांच कराई तो निगेटिव था, उसे कैंसर नहीं बल्कि पेट में छाले थे। कुछ दिन चले इलाज के बाद वह ठीक भी हो गया।

## जिले में धड़ल्ले से चल रहा बालू-गिट्टी का अवैध कारोबार

### शहर से लगे लोही, गड़रिया, जोरी टोल प्लाजा और समान पुल के आसपास हो रहा भण्डारण

### राधाकृष्ण मंदिर परिसर में प्रशासन ने नही की अवैध कारोबार के विरुद्ध कोई कार्यवाही



जागरण, रीवा

शहर से सटे बाईपास क्षेत्र में अवैध बालू के अवैध भंडारण और गिट्टी के परिवहन का बड़ा मामला सामने आया है। नगर निगम सीमा से बाहर लेकिन शहर के नजदीक इलाकों में दर्जनों हाइवा (ट्रक) बालू का भंडारण खुलेआम किए जाने के आरोप लग रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि लोही, गड़रिया, जोरी टोल प्लाजा और समान पुल के आसपास बिना नंबर प्लेट के ट्रकों से बालू उतारी जा रही है और बड़े पैमाने पर स्टॉक किया जा रहा है। यह पूरा खेल विभाग की मिली भगत से चल रहा है। नियम-कायदों को दरकिनार कर अवैध बालू का सर्वर या दस्तावेज दो दिन पहले ही तैयार हो जाते हैं, जिससे कार्रवाई का खतरा खत्म हो जाता है। बताया गया है कि देर रात गिट्टी के अवैध परिवहन की भी शिकायतें सामने आ रही हैं। बताया गया है कि कलेक्टर कार्यालय के समीप स्थित खनिज विभाग के कार्यालय के पींछे यह कारोबार फल-फूल रहा है, लेकिन कार्रवाई न के बराबर है। राधाकष्ण मंदिर परिसर में बालू गिट्टी एवं ईंटों को व्यापार खुलेआम चल रहा है। कलेक्टरी कार्यालय के पींछे स्थित इस मंदिर परिसर में अतिक्रमणकारियों द्वारा यह कारोबार किया जा रहा है लेकिन जिला प्रशासन द्वारा आज तक कोई कार्यवाही नहीं की जा सकी है। इस मंदिर की जमीन भूमाफिया के निशाने पर है लेकिन जिलस प्रशासन द्वारा लगातार इस मामले में लापरवाही बरती जा रही है। इसके अलावा शहर से लगे गांवों में भी भवन सामग्री की बिक्री की जा रही है। शहर के भीतर एवं बाहर इस समय तेजी से भवन निर्माण किया जा रहा है। रात में नो इंट्री खुलने के बाद कोई भी वाहन शहर में प्रवेश कर क्या गुल खिला रहा है इसकी जानकारी कोई नहीं दे सकता है। शहर में नंबर दो माल रोजाना रात में आता है और कानून की आँखों में धूल झोंक कर व्यापारियों द्वारा प्रतिदिन जीएसटी की चोरी की जा रही है। जनता का मानना है कि यदि उच्चस्तरीय एजेंसी लोकायुक्त द्वारा खनिज और पंजीयन विभाग की व्यापक जांच की जाती है तो आमजन का भरोसा व्यवस्था पर और मजबूत होगा। इसके साथ शहर मे एवं आसपास के इलाकों में हो रही भवन सामग्री की तस्करी की भी पोल खुल जाएगी।

## शहर के सार्वजनिक प्याऊ की हालत खस्ता

### देखरेख के अभाव में हालत हो रही खस्ता



जागरण, रीवा। शहरवासी पीएचई द्वारा प्रदाय किए जा रहे गंदे व दुर्गंधयुक्त पेयजल को लेकर परेशान हैं अधिकतर लोगों के बोरिंग में खारा पानी निकल रहा है, मजबूरी में लोगों को बाजार से पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। शहर में स्थित सार्वजनिक प्याऊ की भी देखरेख के अभाव में हालत खस्ता हो रही है। सार्वजनिक प्याऊ की साफ-सफाई के साथ ही उनमें लगे नलों की भी हालत खस्ता हो रही है जो प्याऊ चालू भी हैं तो उनके चारों ओर गंदगी का अंबार है, जिससे चाहकर भी कई लोग प्याऊ के पानी का उपयोग करने से कतराते हैं। कुछ ही समय में ग्रीष्म काल का आगाज हो जाएगा, ऐसे में शहरवासियों सहित बाहर से आने वाले लोगों के गर्मी से सूखते हलक को प्याऊ के पानी का ही सहारा रहेगा, किन्तु अधिकतर प्याऊ अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहे हैं, कई के नल नदारद हैं तो किसी में साफ-सफाई का अभाव है। खासकर दोनों ही बस स्टैंड पर स्थित प्याऊ की हालत खराब हो रही है, जिससे गर्मी में यहां आने वाले यात्रियों को प्यास बुझाने पानी खरीदने की नौबत आएगी।

# ऐप में हाजिरी देकर बताएंगे कितनी जांचीं कॉपियां

## माध्यमिक शिक्षा मंडल की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन 22 से

जागरण,रीवा

माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10 वीं और 12 वीं कक्षाओं की परीक्षाओं के बीच उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन का काम 22 फरवरी से शुरु हो रहा है। मूल्यांकन में कोई गड़बड़ी न हो इसको लेकर मंडल ने नए निर्देश जारी किए हैं। नई व्यवस्था के तहत अब मूल्यांकनकर्ता को केंद्र आने पर ऐप में हाजिरी देना होगा। इतना ही नहीं, वापसी के दौरान यह बताना होगा कि उन्होंने कितनी कॉपियों को जांचा है। इसका मकसद है कि मूल्यांकनकर्ताओं पर निगरानी और सटीक जानकारी प्राप्त करना। जिले में बोर्ड की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन शासकीय उत्कृष्ट स्कूल में किया जाएगा।



### 21 को दिया जाएगा प्रशिक्षण

बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के काम के लिए 21 फरवरी को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण मूल्यांकन केंद्र में ही होगा। यदि जो गैरहाजिर रहेंगे उन्हें प्रशिक्षण 8 मार्च को दिया जाएगा। कक्षा 10 वीं और 12 वीं के लिए प्रशिक्षण अलग-अलग समय पर होंगे। यदि कोई प्रशिक्षण में नहीं आता है तो उन्हें मूल्यांकन के कार्य में नहीं शामिल होने दिया जाएगा।

### नहीं बदली मूल्यांकन की दरें

10 वीं और 12 वीं की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन की दर इस बार भी नहीं बदली है। दसवीं में 15 और 12 वीं कक्षा की एक उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन पर 16 रुपए दिए जाएंगे। जबकि दो साल पहले यह मूल्य 12 और 13 रुपए था। शिक्षकों का कहना है कि मूल्यांकन की दर बढ़नी चाहिए। हालांकि बाहर से आने वाले शिक्षकों को 180 और स्थानीय शिक्षकों को 120 रुपए भत्ता दिया जाएगा।

### जमा करना होगा मोबाइल

माध्यमिक शिक्षा मंडल के एप में उपस्थिति देने के बाद मोबाइल को मूल्यांकन केंद्र में जमा करना होगा। जब मूल्यांकन का काम हो जाए तब मोबाइल लेकर उसमें खानगी का समय और जांची गई उत्तरपुस्तिकाओं की संख्या बतानी होगी।

### अधिकतम 60 कॉपी जांच सकेंगे मूल्यांकनकर्ता

माध्यमिक शिक्षा मंडल के नए नियम के तहत एक मूल्यांकनकर्ता अधिकतम 60 उत्तर पुस्तिकाएं जांच सकेंगे। जबकि न्यूनतम 45। पूर्व में अधिकतम 45 और न्यूनतम 30 उत्तरपुस्तिकाएं जांचने के निर्देश थे। बताया गया कि परीक्षा परिणाम समय से जारी हो जाएं इसके लिए उत्तरपुस्तिकाएं जांचने की संख्या बढ़ाई गई है। समय पर परिणाम जारी होने से नए सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया और कॉलेजों में प्रवेश संबंधी अन्य कार्रवाई समय पर हो जाती है। इसी उद्देश्य को लेकर मंडल काम करेगा।

# 8 साल में 72 लाख वसूले, नहीं कराए छात्रसंघ चुनाव

## युवा नेतृत्व उभारने की प्रक्रिया ठप, अगले सत्र में जगी कुछ उम्मीद



**जागरण,रीवा।** रीवा व शहडोल सम्भाग में उच्च शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त 88 सरकारी व 126 गैर सरकारी मिलाकर 214 महाविद्यालय हैं। इन महाविद्यालयों में 90 हजार के लगभग छात्र अध्ययनरत् हैं। इन छात्रों से प्रायः हर वर्ष छात्रसंघ चुनाव के नाम पर शुल्क लिया जाता है। पिछले 8 साल में अनुमानित 72 लाख रूपये वसूले जा चुके हैं लेकिन महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव नहीं हो रहे। मप्र शासन के नियमानुसार प्रति छात्र 10 रुपये वसूलने का प्रावधान है, जो वर्ष 2018 से लेकर वर्ष 2025 तक निरंतर चल रही है। जबकि वर्ष 2017 के बाद से मप्र शासन ने छात्रसंघ चुनाव नहीं कराये हैं। बताते हैं कि प्रवेश शुल्क या प्रवेश नवीनीकरण शुल्क के साथ उक्त शुल्क छात्रों लिया जाता है, जो महाविद्यालयों के खाते में ही जमा होता है। यह राशि कितने महाविद्यालयों में जमा होगी, यह प्रश्न का विषय है। सरकारी महाविद्यालय तो ठीक लेकिन निजी महाविद्यालय में भी उक्त राशि होगी, मुश्किल लगता है। अब फिलहाल सभी महाविद्यालयों में परीक्षा की तैयारी चल रही है। लिहाजा, महाविद्यालयों में लगभग शांति छाई हुई है। हालांकि वर्तमान मुख्यमंत्री ने महाविद्यालयों में प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराने के संकेत विगत वर्ष दिए लेकिन चुनाव नहीं हुए। फिर भी, अपनी राजनीति का सफर शुरु करने की लालसा रखने वाले छात्र चुनाव को लेकर आशान्वित हैं।

### अगले सत्र में स्थिति होगी स्पष्ट

गौरतलब है कि अब तक शासन की रणनीति के अनुसार विधानसभा चुनाव के पहले युवाओं को खुश करने छात्रसंघ चुनाव कराये जाते रहे हैं। यही वजह है कि पिछले 8 साल से जिला समेत प्रदेश के सरकारी महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव नहीं हो सके हैं। वैसे भी युवा नेतृत्व को उभारने वाले ये चुनाव सरकार के लिए सिरदर्द ही होते हैं। छात्रसंघ चुनाव को लेकर इस वर्ष क्या होना है, आगामी जून महीने तक स्पष्ट हो जायेगा।

### 2017-18 में हुए थे चुनाव

बता दें कि विभाग ने आखिरी दफा सत्र 2017-18 में छात्रसंघ चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से कराये थे। इसके पहले सत्र 2011-12 में छात्रसंघ चुनाव हुए थे। अर्थात विधानसभा चुनावों के पहले युवाओं को रिझाने की यह तरकीब शासन को सूझती रही। वर्ष 2017 के बाद दो साल छात्रसंघ चुनाव कराने की चर्चा ने जोर पकड़ा था, लेकिन समय के साथ वह चर्चा भी ठंडी पड़ गई।

### प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराने की मांग कभी नहीं मानी

एनएसयूआई व अभाविप दोनों ही प्रमुख संगठन हमेशा प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराने की मांग करते रहे हैं। प्रत्यक्ष प्रणाली का मतलब है, जिसमें विद्यार्थी सीधे छात्रसंघ अध्यक्ष व सचिव के लिए वोट करता है। हिंसा की आशंका प्रबल होने पर ही सरकार ने 1987 से इस प्रणाली पर रोक लगा दी। अब उसके बाद से जब कभी भी छात्रसंघ चुनाव हुए तो अप्रत्यक्ष प्रणाली से ही हुए, जिसमें छात्र कक्षा प्रतिनिधि को चुनते हैं। फिर कक्षा प्रतिनिधि अध्यक्ष व सचिव के लिए वोटिंग करते हैं।

### छात्र नेतृत्व प्रतिभा का हनन

छात्र संगठनों की दलील रहती रही कि प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव न होने के कारण छात्र नेतृत्व की प्रतिभा का हनन हो रहा है। ऐसे में छात्र बेहतर राजनेता बनने की दौड़ में पीछे रह जाता है। छात्र संगठन मानते हैं कि अप्रत्यक्ष प्रणाली व उसमें आरक्षण से ऐसे लोगों को भी प्रतिनिधित्व का मौका मिल जाता है, जो स्वयं राजनीति से वास्ता नहीं रखना चाहते। इस तरह छात्रों का नेतृत्वकर्ता किसी काम का नहीं रह जाता। बहरहाल छात्र संगठन अभी तो हर हाल में छात्रसंघ चुनाव की मांग कर रहे हैं।

## न्यूज कार्नर

### आयोजक सचिव ने जताया आभार



**रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय द्वारा इस सत्र की सबसे बड़ी प्रतियोगिता वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन बीते दिनों 9 से 13 फरवरी तक सफलता पूर्वक किया गया। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर आयोजक सचिव व संचालक शरीरिक शिक्षा विभाग एपीएसयू डॉ.रामभूषण मिश्रा द्वारा आभार व्यक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता का सफल आयोजन कुलगुरु डॉ.राजेन्द्र कुड़रिया के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इसके लिए कई महाविद्यालयों से क्रीड़ा अधिकारी व सहयोगी स्टाफ बुलाए गए थे। सभी के कठिन परिश्रम से प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। उन्होंने उन महाविद्यालयों के प्राचार्यो के प्रति भी आभार व्यक्त किया है जिन्होंने प्रतियोगिता के आयोजन के लिए विवि को सहयोगी स्टाफ प्रदान किये। डॉ.मिश्रा ने कहा कि पांच दिवसीय इस प्रतियोगिता के तैयारियों से लेकर सफल आयोजन तक क्रीड़ा अधिकारियों व सहयोगी स्टाफ ने कड़ी मेहनत की है।

### एडवांस टेक्नोलॉजी द्वारा इलाज के बारे में दी जानकारी

**जागरण,रीवा।** भारतीय दंत चिकित्सक संघ विंध्य शाखा की कार्यशाला होटल सेलिब्रेशन में सम्पन्न हुई। इस कार्यशाला में वक्ता के रूप में डॉ हर्षद पांडे मौजूद रहीं, जिन्होंने हाइपर सेंसटिविटी के एडवांस टेक्नोलॉजी द्वारा इलाज के बारे में बताया ।

**भारतीय दंत चिकित्सक संघ विंध्य शाखा की कार्यशाला**

इस कार्यशाला में स्वागत भाषण संघ के अध्यक्ष डॉ धीरेन्द्र तिवारी के द्वारा दिया गया वहीं आभार संघ के सचिव डॉ अमित त्रिपाठी के द्वारा प्रगट किया गया। कार्यशाला में मुख्य रूप से वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ नवीन मिश्रा, डॉ प्रियंका सिंह, डॉ पल्लवी श्रीवास्तव, डॉ मुकेश यादव, डॉ जयपाल सिंह, डॉ सचिन राय, डॉ अभिषेक मणि तिवारी, डॉ धनेश वर्मा, डॉ वंदना यादव, डॉ सोनल अग्रवाल, डॉ प्रतिभा सिंह, डॉ निधि मिश्रा, डॉ वीएन गुप्ता, डॉ नितिन चतुर्वेदी, डॉ विवेक सिंह, डॉ हेमराज सिंह, डॉ मनीष देव वर्मा, डॉ शाद ओवैसी, डॉ मोइन ओवैसी, डॉ दीपक शुक्ला सहित अन्य दंत चिकित्सक उपस्थित रहे। संघ के सचिव डॉ अमित त्रिपाठी के द्वारा बताया गया कि जनवरी में इंदौर में हुई दंत चिकित्सकों की स्टेट कॉन्फ्रेंस में रीवा विंध्य शाखा को उसके उत्कृष्ट कार्य के लिए बेस्ट साइंटिफिक एक्टिविटी का अवॉर्ड प्राप्त हुआ। रीवा के वरिष्ठ दंत चिकित्सक स्व.डॉ एके मिश्रा की याद में डॉ एके मिश्रा मेमोरियल ट्रॉफी इस वर्ष डॉ मुकेश यादव को दी गई।

# 5वीं और 8वीं कक्षा की परीक्षा में 85 हजार से अधिक विद्यार्थी होंगे शामिल

## 4048 स्कूलों के लिए बनाए गए जिले में 490 केन्द्र, 20 से होगी परीक्षा



**जागरण,रीवा।** 5वीं और 8वीं कक्षा की 20 फरवरी से शुरू हो रहीं परीक्षाओं में जिले के करीब 85 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। जिले भर की 4048 स्कूलों को 123 क्लस्टर में बांटा गया है और इनके लिए फिलहाल 490 सेंटर तय किए गए हैं। परीक्षाओं की तैयारियां जारी हैं हालांकि चर्चा है कि प्राइवेट स्कूलों की सहूलियत के लिए लगातार सेंटर्स में बदलाव हो रहे हैं और उनके प्रस्तावों को मनमानी से बदला जा रहा है। बताया गया कि जिले में 5वीं और 8वीं की परीक्षा की तैयारी जोरों पर जारी है। इस बार कक्षा पांचवीं में 45561 विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं, वहीं आठवीं कक्षा में 39 हजार 799 परीक्षार्थी दर्ज हैं।

### दोनों परीक्षाएं 20 से शुरू होंगी

5वीं और 8वीं कक्षाओं की परीक्षा 20 फरवरी को एक साथ शुरू होंगी। दोनों की परीक्षा का समय भी दोपहर 2 से शाम 4.30 बजे तक है। 5वीं की परीक्षा 26 फरवरी को समाप्त हो जाएगी,जबकि 8वीं कक्षा की परीक्षा 28 फरवरी को खत्म होगी।

### आईटी पोर्टल पर दर्ज होगा ब्यौरा

बताया गया कि उक्त परीक्षा संबंधी प्रत्येक जिले के प्रश्न-पत्र अलग-अलग होंगे। बच्चों के लिए एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के अनुसार पृथक से भाषा विषय के प्रश्न-पत्र तैयार किए गए हैं। बताया गया कि परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए विभाग ने एक आईटी पोर्टल तैयार किया है, जिसके माध्यम से परीक्षा संचालन की व्यवस्थाएं पूरी ऑनलाइन की गई हैं। इसी पोर्टल में विद्यार्थियों का सत्यापन, परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण, केन्द्राध्यक्षों की मेंपिंग, सामग्री वितरण आदि कार्यों के संपादन के साथ ही परीक्षार्थियों के रोल नंबर और प्रवेश पत्र जारी करने की सुविधा भी प्रदान की गई है। इस पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों की परीक्षा में उपस्थिति दर्ज होगी। परीक्षा उपरांत होने वाले मूल्यांकन कार्यों और अंक सूची प्रदान करने की सुविधा भी इसी पोर्टल के द्वारा प्रदान की जायेगी।

### स्व.हरभजन सिंह पोल्ले स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

**जागरण,रीवा।** नगर निगम पूर्व आयुक्त स्व.हरभजन सिंह पोल्ले स्मृति संभाग स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ। जिसमें फाइनल मैच एसएएफ व्यॉयज विरुद्ध फुटबॉल क्लब लालगांव के बीच खेला गया। इसमें दोनों टीमों ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया, संघर्ष भरे मुकाबले में एसएएफ व्यॉयज टीम 5-2 गोल से विजेता रही। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि वरिष्ठ इंजीनियर राजेंद्र शर्मा रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी विक्रम सिंह ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व डीएसपी हिम्मत सिंह एवं राजीव खन्ना मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने स्व. हरभजन सिंह (पोल्ले) के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किया एवं फुटबॉल मैदान पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर दोनों टीमों को शुभकामनाएं दी। फाइनल मैच के पश्चात दोनों टीमों के खिलाड़ियों को चमचमाती हुई ट्रॉफी एवं व्यक्तिगत पुरस्कार से सम्मानित किया गया। रेफरी की भूमिका में मिश्रीलाल रजक, बृजभान रावत, प्रिंस बंसल एवं आकाश रहे।

# अम्बेडकर कामधेनु योजना से उन्नत डेयरी स्थापित करने का अवसर

**रीवा।** शासन द्वारा दूध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाओं को लागू किया गया है। पशु चिकित्सा सेवायें विभाग द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना लागू की गई है। इस योजना के माध्यम से मध्यप्रदेश के मूल निवासी सभी वर्ग के पशुपालकों को उन्नत डेयरी स्थापित करने का अवसर दिया जा रहा है। इस संबंध में संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ डीएस बघेल ने बताया कि डेयरी स्थापित करने के लिए हितग्राही के पास कम से कम 3.5 एकड़ स्वयं की भूमि होना आवश्यक है। एक हितग्राही अधिकतम आठ इकाईयाँ इस योजना से स्थापित कर सकता है। एक इकाई में गौवंशीय अथवा भैंस वंशीय 25 दुधारू पशु दिए जाते हैं। एक इकाई में सभी पशुओं का एक ही नस्ल का होना आवश्यक है। योजना का लाभ लेने के लिए पशुपालन विभाग की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट एमपी डीएएच डॉट जीओभी डॉट इन पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। संयुक्त संचालक ने बताया कि डॉ भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना में एक हितग्राही एक आवेदन पर एक से अधिक डेयरी इकाइयाँ स्थापित कर सकता है। आवेदक को किसी भी बैंक का डिफाल्टर नहीं होना चाहिए। योजना में हितग्राही के रूप में चयन होने पर पशुपालक को निर्धारित शासकीय प्रशिक्षण संस्थान अथवा महाविद्यालय में पशुपालन का प्रशिक्षण लेना अनिवार्य होगा। योजना की प्रत्येक इकाई के लिए देशी गाय की नस्ल में 36 लाख रुपए तथा शंकर गाय अथवा भैंस के लिए 42 लाख रुपए इकाई लागत निर्धारित की गई है। योजना में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों को परियोजना लागत की 33 प्रतिशत राशि का अनुदान लाभ दिया जाएगा।

# उप संचालक ने किया फिश हेचरी का निरीक्षण



**रीवा।** खेती के साथ-साथ मछलीपालन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। परंपरागत मछलीपालन के स्थान पर आधुनिक तकनीकों से मछलीपालन की इकाइयाँ विकसित की जा रही हैं। उप संचालक मछलीपालन डॉ. अंजना सिंह ने गत दिवस सतना जिले के भ्रमण के दौरान नागौद विकासखण्ड के ग्राम जसो तथा कोलहाई जलाशय में फिश हेचरी एवं आरएएस संरचनाओं का निरीक्षण किया। आरएएस संरचना में पक्के तालाब बनाकर मछलीपालन किया जाता है। इसमें सीमित क्षेत्र में भी मछली का अच्छा उत्पादन प्राप्त होता है। इसी तरह केजकल्चर के माध्यम से भी मछली का बड़ी मात्रा में उत्पादन किया जा रहा है।

# कक्षा 3,4,6 और 7वीं की वार्षिक परीक्षाएं 9 मार्च से

**जागरण,रीवा।** राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा कक्षा 3, 4,6 और 7वीं की परीक्षा का टाइम टेबल घोषित कर दिया गया है। ये परीक्षाएं 9 मार्च से आयोजित होंगी। परीक्षाएं सुबह 10 से दोपहर 12.30 बजे तक कुल ढाई घंटे की रहेंगी।

**राज्य शिक्षा केन्द्र ने जारी किया टाइम टेबल**

राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा जारी किए गए पत्र के अनुसार कक्षा 3 से 7वीं तक की परीक्षाएं 9 मार्च से आयोजित होंगी। कक्षा 3 और 4 की परीक्षाएं 17 मार्च तक चलेंगी, जबकि कक्षा छठवीं से सातवीं तक की परीक्षाएं 14 मार्च को समाप्त हो जाएंगी। वहीं 10वीं-12वीं की चल रही बोर्ड परीक्षाओं में सोमवार को 12वीं कक्षा में को संस्कृत का प्रश्नपत्र तथा मंगलवार 17 फरवरी को ड्राइंग एण्ड डिजाइन का प्रश्न पत्र होगा। वहीं 10वीं कक्षा की परीक्षा आज नहीं है, मंगलवार 17 फरवरी को अंग्रेजी का प्रश्न पत्र होगा।

# सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरण शीघ्र निराकृत करें

## उच्च शिक्षा विभाग ने महाविद्यालयों को जारी किया पत्र




**जागरण, रीवा।** सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने की हिदायत महाविद्यालयों को दी गई है। सूत्रों की माने तो इस बाबत उच्च शिक्षा विभाग ने सभी प्राचार्यों को पत्र जारी किया है। पत्र में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों को निराकृत कर रिपोर्टिंग देना सर्वोच्च प्राथमिकता दर्शाया गया है। पत्र में उल्लेखित किया गया है कि प्रकरणों का निराकरण करने में एल-2 अधिकारी यानि अग्रणी महाविद्यालय प्राचार्य स्तर पर ज्यादा विलम्ब होता है। अतः एल-2 अधिकारी को प्रकरणों का निराकरण करने में अधिक गम्भीरता बरतने के लिए कहा गया है।

गौरतलब है कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों को लेकर विभाग हमेशा संजीदा रहा है, परंतु स्थानीय अधिकारी इन शिकायतों को गम्भीरता से नहीं लेते और मनमाफिक निराकरण कर शिकायत या तो बंद कर देते हैं या आगे फारवर्ड कर देते हैं। प्राचार्यों की इस लापरवाही से वह शिकायत हमेशा एक्टिव नजर आती है। इस लापरवाही पर लगाम कसने के निर्देश विभाग ने दिए हैं। गत माह हुई समीक्षा बैठक में भी विभाग के आला अधिकारियों ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा था। फिर भी मामलों को गम्भीरता से न लेने पर विभाग ने एडी रीवा से स्पष्टीकरण भी मांगा था। इसके पहले जिम्मेदारों के निलम्बन का प्रस्ताव भी मांगा जा चुका है। इसके बाद भी प्रकरणों के निराकरण हीलाहवाली की जा रही है। अब ऐसे लंबित प्रकरणों को लेकर विभाग फिर से सख्ती बरतने के मूड में है।

# छात्रों को दी गई हीरा खनन की तकनीकी जानकारी

## भूविज्ञान के विद्यार्थियों का मझगवां हीरा खदान का शैक्षणिक भ्रमण




**जागरण,रीवा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय के भूविज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने शनिवार को एनएमडीसी की मझगवां हीरा खदान पन्ना का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस शैक्षणिक यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को हीरा खनन की वास्तविक प्रक्रियाओं, भूवैज्ञानिक संरचना तथा प्रोसेसिंग की आधुनिक तकनीकों से अवगत कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को खदान की संपूर्ण कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया गया, जिससे उन्हें सैद्धांतिक ज्ञान को व्यवहारिक रूप में समझने का अवसर प्राप्त हुआ। भ्रमण के दौरान संतोष पाठक (वरिष्ठ प्रबंधक भूविज्ञान) ने विद्यार्थियों को मझगवां डायमंड पाइप की खोज, उसकी भूवैज्ञानिक विशेषताओं तथा खनन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में किम्बरलाइट पाइप की खोज वर्ष 1827 में हुई थी तथा एनएमडीसी द्वारा 1959 से 1968 के बीच विस्तृत अन्वेषण कार्य किया गया। लगभग 275.963 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली इस खदान में वर्ष 1968 से उत्पादन प्रारंभ हुआ और अब तक 13 लाख कैरेट से अधिक हीरे का उत्पादन किया जा चुका है। यहाँ औसतन 10 कैरेट प्रति 100 टन की हीरा उपलब्धता (इन्सिडेन्स) पाई जाती है। विद्यार्थियों को खदान की पिट डायमेंशन, जिसकी ऊपरी चौड़ाई लगभग 434 से 490 मीटर तथा निचले तल पर 40 म 85 मीटर है के साथ ही 122 मीटर की गहराई तक की खनन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। उन्होंने आरएल टॉप 375 मीटर तथा आरएल बॉटम 253 मीटर के तकनीकी पक्ष को भी समझाया। इसके साथ ही खदान में अपनाए जा रहे पर्यावरणीय संरक्षण उपायों की जानकारी भी दी गई।

### प्राचीनतम हीरा उत्पादक क्षेत्रों में से एक है

पाठक ने यह भी बताया कि मझगवां डायमंड पाइप लैम्प्रोइट प्रकृति का है जो बुंदेलखंड ग्रेनाइट तथा विंध्यन शैल समूह को भेदते हुए ऊपर आया है। यह क्षेत्र विश्व के प्राचीनतम हीरा उत्पादक क्षेत्रों में से एक है और भारत की एकमात्र संगठित यांत्रिक हीरा खदान के रूप में विशेष महत्व रखता है। यहाँ प्राप्त होने वाले हीरों की छंटाई, ग्रेडिंग, वर्गीकरण तथा प्रोसेसिंग की आधुनिक पद्धतियों का भी विद्यार्थियों ने अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने खनन में प्रयुक्त आधुनिक मशीनोंए सुरक्षा मानकों तथा सतत खनन की अवधारणा को नजदीक से देखा और विशेषज्ञों से संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। यह अनुभव उनके लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा।

### विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण भ्रमण

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.रवीन्द्र नाथ तिवारी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के ज्ञानार्जन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उन्हें विषय की व्यावहारिक समझ प्रदान करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत फील्ड विजिट और इंटर्नशिप कार्यक्रम अभिन्न अंग हैं। इसी अनुक्रम में महाविद्यालय द्वारा लगातार फील्ड विजिट एवं इंटर्नशिप के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे विद्यार्थियों को व्यवहारिक अनुभव प्राप्त हो और उनके करियर निर्माण में सहायता मिल सके। फील्ड में प्राप्त अनुभव से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपने विषय को और अधिक गहराई से समझ पाते हैं। इस शैक्षणिक भ्रमण में महाविद्यालय के भूविज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ.संदीप कुमार शुक्ला, डॉ.पुष्पेंद्र कुमार तिवारी, डॉ.अमित कुमार सिंह, डॉ.सर्वेश पटेल एवं प्रयोगशाला तकनीशियन सुनीता विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे और उन्होंने भ्रमण को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

सहायक की भर्ती - 2025

भारतीय रिज़र्व बैंक अपने विभिन्न कार्यालयों में सहायक के 650 पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है। इस पद के लिए चयन दो चरणों में आयोजित होने वाली देशव्यापी केंद्र-वार ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा और भाषा दक्षता परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा। सम्पूर्ण विज्ञापन बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in पर फ़रवरी 2026 के तीसरे सप्ताह में उपलब्ध होगा और इसे एम्प्लॉयमेंट न्यूज़ / रोज़गार समाचार में भी प्रकाशित किया जा रहा है। आवेदन पत्र बैंक की वेबसाइट के माध्यम से केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे।

महत्वपूर्ण तारीखें:

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने और परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अवधि | 16 फरवरी 2026 – 08 मार्च 2026 |
| ऑनलाइन प्रारंभिक परीक्षा की तारीख (अनंतिम) | 11 अप्रैल 2026 |
| ऑनलाइन मुख्य परीक्षा की तारीख (अनंतिम) | 07 जून 2026 |

"पैसे का वादा करने वाले ई-मेल / एसएमएस / टेलीफोन द्वारा धोखा न खाएं"

# भव्य शिव बारात के आयोजन में उमड़ा आस्था का सैलाब

## देवतालाब शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर बोल बम के लगे असंख्य नारे



### सुबह 4 बजे से शाम 7 बजे तक लगी रहीं कतारें

### वीआईपी व्यवस्था पर उठे सवाल

**नईगढ़ी, नि.प्र.।** महाशिवरात्रि के अवसर पर देवतालाब शिव मंदिर में आस्था का विशाल जनसैलाब उमड़ा। तड़के सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए कतार में लगना शुरू हो गए थे और यह सिलसिला शाम 7 बजे तक लगातार जारी रहा। दिनभर मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजता रहा। प्रशासन के अनुसार एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल और राजस्व अमला तैनात रहा। अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जाती रही, जिससे व्यवस्था बनी रही। इस बीच वीआईपी दर्शन व्यवस्था को लेकर असंतोष भी सामने आया। संवाददाता को स्थानीय प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार लगभग 70 से अधिक वीआईपी दर्शन पास जारी किए गए, जिनकी प्रति फोटो/पास राशि 250 रुपये बताई गई। सामान्य कतार में लगे श्रद्धालुओं ने आरोप लगाया कि वीआईपी आवागमन के कारण लाइन की गति प्रभावित हुई। शहडोल से आए श्रद्धालु राजमणि शुक्ला ने बताया कि वे सुबह 6 बजे से कतार में लगे रहे, लेकिन लंबे इंतजार के बाद भी जलाभिषेक में देरी हुई। उन्होंने कहा कि आम श्रद्धालुओं को अधिक समय तक प्रतीक्षा करनी पड़ी। आस्था और प्रशासनिक प्रबंधन के बीच इस बार भी वीआईपी व्यवस्था को लेकर चर्चा तेज रही।

### इनका कहना है

भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन के बावजूद सभी विभागों के समन्वय से व्यवस्थाएं सुचारु रहीं। इसका श्रेय जिला प्रशासन, पुलिस और कर्मचारियों की टीमवर्क को जाता है।

**नायब तहसीलदार उमाकांत शर्मा**

वीआईपी दर्शन एक प्रशासनिक व्यवस्था है। जिन श्रद्धालुओं के पास समय का अभाव होता है, उन्हें शीघ्र दर्शन की सुविधा दी जाती है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

**तहसीलदार वीरेंद्र पटेल (मऊगंज)**

जिले के प्रमुख मंदिरों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है, जिससे पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो।

**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह**

मैं सुबह 6 बजे से लाइन में लगा हूं, लेकिन अभी 10 बजे तक जल नहीं चढ़ा पाया। अगर मेरे पास पैसे होते तो मैं भी जल्दी दर्शन कर लेता।

**राजमणि शुक्ला, श्रद्धालु शहडोल**

## श्रद्धा भक्ति उल्लास के साथ गोविन्दगढ़ में मनाया गया महाशिवरात्रि का महापर्व



**गोविन्दगढ़ ब्यूरो।** गोविन्दगढ तथा आस पास के ग्रामीण अंचलों के प्रमुख मठ मंदिरों के साथ भगवान भोले के भक्तों द्वारा अपने अपने घरों में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान आशुतोष तथा माता पार्वती की विधिविधान से पूजन अर्चन की गई। जहां एक ओर जगह जगह भंडारों का आयोजन किया गया, वहीं शिव आराधना मे लीन श्रद्धालु भक्तों द्वारा व्रत रखा गया। तत्पश्चात भगवान शिव माता पार्वती को प्रसाद चढ़ा के बाद प्रसाद ग्रहण किया गया। यहां के वार्ड क्र. 8 के निवासी तथा धर्म कर्म में काफी रुचि रखने वाले आई . बी .डी. यूनिवर्सल प्राइवेट लिमिटेड भोपाल के डायरेक्टर अनिल निगम एवं उनके अनुज अतुल निगम पिंकू भैया द्वारा भोपाल से सपरिवार आकर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अपने पूर्वजों द्वारा निर्मित शिव मंदिर में श्रद्धा भक्ति के साथ पूजन अर्चन के पश्चात वृहद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों भक्तों ने रुचिकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर भाजपा नेता राजेंद निगम, इंजीनियर मोहन लाल अग्निहोत्री, जिला क्रीड़ा भर्ती के संयोजक मोहन लाल शुक्ला, बबलू ताम्रकार, पूर्व प्रसाद ओमशंकर गुप्ता, दिन सिंह तिवारी पत्रकार, राजेश वर्मा, राजेंद्र सिंह तिवारी, अखिलेश निगम, नरेंद्र बुधौलिया, शत्रुघ्न पाल संचालक जान ज्योति विद्यालय आदि लोग पूजन अर्चन में शामिल हुए।



## समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरिया के मंदिर में आयोजित हुआ विशाल भण्डारा

**सेमरिया, नि.प्र.।** सेमरिया समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर और समाजसेवियों के सहयोग से वहां स्थित हनुमान मंदिर में महाशिवरात्री के पावन पर्व में विधिवत कन्या पूजन कर एक विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे सिरमौर के पूर्व बीएमओ डॉक्टर अंकित तिवारी और समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरिया के मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर श्यामबिहारी दुबे और अस्पताल का स्टाफ और समाजसेवी उमेश गुप्ता और अन्य समाजसेवी महिलाएं बच्चे इस कार्यक्रम मे शामिल हुए।

## 9 दिवसीय शिव महापुराण कथा के भव्य शुभारंभ में उमड़ी भक्तों की भीड़

### भव्य कलश यात्रा से गूंजा गांव



**सेमरिया, नि.प्र.।** सेमरिया तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत खारा में फूलमती माता मंदिर परिसर में सरस संगीतमयी शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ एवं रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन किया गया है। धार्मिक उल्लास और आस्था के वातावरण में आज ग्राम खारा में भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं, पुरुष एवं युवा शामिल हुए। कलश यात्रा गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए पूरे ग्राम का भ्रमण करती हुई फूलमती माता मंदिर परिसर पहुंची। इस दौरान श्रद्धालु महिलाएं सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए चल रही थीं। जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया, जिससे पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। मंदिर परिसर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।आयोजन समिति द्वारा संवाददाता को जानकारी दी गई कि यह शिव महापुराण कथा 15 फरवरी से 23 फरवरी तक प्रतिदिन आयोजित की जाएगी, जिसमें श्रद्धालुजन कथा श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित करेंगे 24 फरवरी को कथा समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक बाल मुकुंदाचार्य महाराज अपने मुखारबिंद से शिव महापुराण की कथा का रसपान कराएंगे, उनके प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और संस्कारों का संदेश प्राप्त होगा । कार्यक्रम का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया है। ग्रामवासियों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करें और धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता निभाएं। ग्राम खारा इन दिनों भक्ति,आस्था और सांस्कृतिक चेतना का केंद्र बना हुआ है जहां शिव महापुराण कथा के माध्यम से आध्यात्मिक वातावरण निर्मित हो रहा है।

## मनगवां में निकाली गई भव्य शिव बारात

### जगह-जगह हुआ बारात का स्वागत

**मनगवां नि. प्र.।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर विंध्य के सरकार लोढश्वर नाथ महादेव मंदिर नवागांव से शिव बारात निकल गई, जो नवागांव मंदिर प्रांगण से चलकर देवगांव होते हुए मनगवा बाजार पहुंची। जहां बाजार में जगह-जगह बारातियों का स्वागत किया गया। नगर में महात्मा गांधी कांप्लेक्स के सामने, प्रयागराज मोड एवं अन्य कई जगह पर बारातियों का पटाखे, मिष्ठान एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शिव बारात का समापन सविता शरद चंद्र तिवारी के प्रांगण में शिव मंदिर में किया गया। जहां बारातियों का स्वागत सत्कार किया गया। साथ ही माता पार्वती घरात पक्ष की तरफ से कन्यादान एवं अन्य पूरी सनातन धर्म की रस्मों का आयोजन किया गया। वहीं इसी परिसर में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस दौरान बारात आयोजन समिति के संयोजक रावेन्द्र गुप्ता ने बताया कि शिव महापुराण की कथा अनुसार उस समय भगवान भोलेनाथ की बारात इतनी विशाल थी कि उसमें शामिल जीव-जंतुओं के भारी बोझ से पृथ्वी एक तरफ झुकने लगी थी, जिसे संतुलित करने के लिए अगस्त्य मुनि को भेजा गया था। यह बारात यह भी दर्शाती थी कि शिव वैरागी होकर भी परिवार और सृजन से जुड़े हैं। जो मोह-माया से परे हैं, इसलिए हम सभी लोग भगवान भोलेनाथ को अपना आराध्य मानकर उनकी पूजा अर्चन करते हैं। जिसका हमें प्रतिफल पुण्य लाभ के रूप में मिलता है। भगवान भोलेनाथ की सच्चे मन से प्रार्थना करने पर वह अवश्य ही भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख रूप से लोगों में प्रकाश चंद्र उरमालिया, सोहनलाल गुप्ता, कैलाश चंद्र गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, पुष्पेंद्र तिवारी, संजू गुप्ता, श्यामा चरण मिश्रा, मुनेंद्र कचेर, प्रेमलाल कुशवाहा, शिवकरण रजक, आदर्श गुप्ता, समेत कई अन्य लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



# मध्यान्ह भोजन में हो रही अनियमितता पर स्व सहायता समूह के खिलाफ कार्यवाही की मांग



**सोहगी, नि.प्र./त्योंथर ब्यूरो।** स्व सहायता समूहों द्वारा मध्यान्ह भोजन वितरण में अनियमितता किए जाने के लगातार आरोप लग रहे हैं। रीवा जिले में एमडीएम वितरण हेतु लगे स्व सहायता समूहों द्वारा बच्चों के निवाला गटकने के आरोप लगे हैं। स्थानीय निवासियों ने संवाददाता को बताया कि जनपद पंचायत त्योंथर अन्तर्गत संचालित पीएम श्री हाई स्कूल सोहागी उस समय आरोप लगे हैं, जब पंचायत सचिव मनपूरन शुक्ला, विद्यालय के प्राचार्य अमित सिंह व पत्रकार करुणा शंकर चतुर्वेदी द्वारा समूह द्वारा बनाए जा रहे भोजन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान देखने को मिला कि विद्यालय में मध्यान्ह भोजन वितरण कार्य में लगी लक्ष्मी स्व सहायता समूह सोहागी द्वारा मध्यान्ह भोजन गैस चूल्हे में न बनाकर लकड़ी के चूल्हे में बनाया गया। इससे प्रतीत होता है कि योजना के संचालन में लापरवाही बरती जा रही है और मनमानी तरीके से भोजन वितरण किया जा रहा है। मिड डे- मील में कभी - कभी बच्चों को पानी की तरह पतली सब्जी व दाल व चावल परोसा जाता है। सिर्फ मंगलवार को आंगनबाड़ी में वितरण हेतु खीर व पूड़ी व गुरुवार को कढ़ी व चावल बनाया जाता है। इसके अलावा मीनू के आधार पर न तो पापड़ दिया जा रहा था न ही अचार ही थाली में शामिल था। समूह द्वारा बच्चों के मध्याह्न भोजन में गड़बड़ी के आरोप लगे हैं। इस संबंध में समूह की अध्यक्ष ने प्राचार्य अमित सिंह को बताया कि हम लोगों को समूह संचालक द्वारा चार माह से वेतन नही दिलवाया गया है। हमारी इसमें कोई गलती नहीं है संचालक के द्वारा हमें सब्जी भाजी खरीदने हेतु पर्याप्त राशि नहीं दी जाती है। सब्जी बनाने हेतु हमें सिर्फ दो किलो आलू खरीद कर दिया जाता हैं। हमें समूह संचालक द्वारा जो कहा जाता है हम उसी के अनुसार काम करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत सोहागी में अंतर्गत संचालित पीएम श्री हाई स्कूल मे मध्याह्न भोजन वितरण हेतु नियुक्त लक्ष्मी स्व सहायता समूह के संचालन का जिम्मा दबंग समूह संचालक के हवाले हैं। उन्हीं के आदेश के अनुसार स्व सहायता समूह के द्वारा स्कूल में भोजन वितरण का कार्य किया जाता है। उक्त समूह द्वारा गांव के आंगनवाड़ी केंद्र पर दर्ज छोटे बच्चों को भी पोषण आहार के वितरण में लापरवाही की जाती है, जिससे आंगनवाड़ी केंद्रों में दर्ज बच्चों व महिलाओं को पोषण आहार से वंचित रहना पड़ता है। स्कूली बच्चों को मध्याह्न भोजन व आंगनवाड़ी केंद्रो में दर्ज बच्चे व महिलाओं को पोषण आहार न मिलने की शिकायत ग्रामीण जनों द्वारा जनपद पंचायत त्योथर और जन शिक्षा केंद्र पर लिखित रूप से की गई है, किंतु शिक्षा विभाग व जनपद पंचायत के अधिकारियों ने समूह संचालकों के खिलाफ आज तक कोई कार्यवाही नहीं की। स्थानीय जनता ने मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

## नन्हे मुन्ने बच्चों ने संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मोहा मन




### विन्ध्य ज्योति विद्या मंदिर मड़वा में मां सरस्वती पूजन व वार्षिकोत्सव हुआ सम्पन्न

**गोविन्दगढ़ ब्यूरो।** ग्राम पंचायत मड़वा में संचालित विन्ध्य ज्योति विद्या मन्दिर मड़वा में गुरुवार को विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा व वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम सुबह बच्चो ने विद्या के देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर विद्या व बुद्धि का वरदान मांगा एवं गणेश वंदना की। इसके बाद मां सरस्वती वंदना व कृष्ण आरती के साथ सजीव कृष्ण झाँकी प्रस्तुत कर दोहे प्रस्तुत किए गए। इसके बाद बच्चो ने दहेज प्रथा, नशा मुक्ति, बच्चियो की सुरक्षा, वाद-विवाद जैसे समाजिक विधाओ में बच्चो नाटक प्रस्तुत कर समाज में फैली बुराईयों पर जोरदार प्रहार कर लोगों को इन कुरीतियों को जड़ से समाप्त करने का संदेश दिया। वही नृत्य कला के माध्यम से कई भजनो व होली गीत पर मनमोहक प्रस्तुति देकर बच्चों ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया, साथ ही भजन, लोकगीत, बघेली गीत व हास्य गीत प्रस्तुत कर बच्चो ने अपने कला और संस्कृति का बखूबी गायन किया। इसके बाद कार्यक्रम के अंत में बच्चो को पुरस्कार वितरण किया गया।

### वार्षिकोत्सव बच्चों के मूल्याकंन का दिन : राजेन्द्र मिश्र

वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व विधायक राजेन्द्र मिश्र, विशिष्ट अतिथि शासकीय महाविद्यालय गोविन्दगढ़ के प्राचार्य डॉ. सतीश द्विवेदी, संविदाकार संजीव द्विवेदी, क्रीड़ा भारती के सम्भागीय संयोजक और राष्ट्रीय फुटबाल खिलाड़ी मोहनलाल शुक्ला, लोकशिक्षण संस्थान के संचालक सुनील शुक्ल उपस्थित रहें जबकि अध्यक्षता पूर्व सरपंच इंजीनियर मोहनलाल अग्निहोत्री ने की। इस दौरान शिक्षक अवध बिहारी मिश्रा, प्रकाश यादव, यासमीन बानो, समीना बानो, सीतम दहायत, सीता मिश्रा, अर्चना पटेल, सुनीता पटेल, प्रभात यादव, उद्रमणि यादव, रहीस यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिध व बच्चो के अभिवावक मौजूद रहें।

## जवा के सैकड़ों सहायक अध्यापकों की हर माह काटी गई एनपीएस की राशि मई 25 से प्रान खाते में जमा नहीं

**जवा ब्यूरो।** विकासखंड जवा अंतर्गत संकुल केन्द्रों में पदस्थ तीन सैकड़ा से अधिक सहायक अध्यापकों की हर माह वेतन से काटी गई एनपीएस की राशि मई 2025 से उनके प्रान खाते में जमा नहीं कराई जा रही हैं। जिसके संबंध में ज्ञात हो कि वरिष्ठ कार्यालय द्वारा समय समय पर निर्देश जारी किए जाते रहे हैं, फिर भी विकासखंड जवा के संकुल केंद्र बरहुला, पटेहरा, पुरौना, पनवार, सितलहा आदि के अंतर्गत कार्यरत तीन सैकड़ा से अधिक सहायक अध्यापकों की वेतन से हर माह काटी गई एनपीएस की राशि मई 2025 से उनके प्रान खाते में जमा नहीं हो पाई है। संवाददाता को सहायक अध्यापकों ने संवाददाता को बताया कि उक्त हर माह वेतन से काटी गई राशि का ट्रेज़री से आहरण कर एक्सेल डेटा तैयार कर बीईओ कार्यालय जवा से डीईओ कार्यालय रीवा में जमा कराया जाना रहता हैं,तब जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय रीवा से डेटा मिलान कर ई चालान जनरेट कर एनएसडीएल भोपाल को उक्त राशि भेजी जाती हैं तब जाकर उक्त राशि संबंधीजनों के प्रान खाते में जमा हो पाती हैं। अभी बड़े प्रयास के उपरांत जुलाई 2024 से अप्रैल 25 तक मात्र की सहायक अध्यापको की एनपीएस की राशि उनके प्रान खाते में जमा हो सकी है। फिर भी मई 25 से उक्त राशि जमा नहीं की गई है। कार्यालयीन लापरवाही एवं् उदासीनता के कारण अध्यापकों की उक्त नौ माह की लंबित एनपीएस की राशि मई 25 से जमा नहीं होने के कारण उन राशियों का ब्याज लाभ से संबंधित अध्यापकों को नुकसान उठाना पड़ रहा है तथा आवश्यकता अनुसार अग्रिम राशि निकालते समय कम राशि मिल रही है। उक्त संबंध मे आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिला प्रवक्ता पुष्पेंद्र द्विवेदी ने बताया कि जवा के लगभग तीन सैकड़ा से अधिक सहायक अध्यापकों की लंबित एनपीएस राशि मई 2025 से अद्यावधि तक प्रान खाते मे जमा नही कराई गई है जिससे जवा के कर्मचारियों राजेश सिंह, संजय सिंह, दिनेश द्विवेदी, चंद्रमा सिंह, हरिगोविंद नामदेव, धर्मराज वर्मा, राजकुमार उपाध्याय, अशोक कुमार पांडेय आदि ने उक्त प्रकरण के संबंध मे जिला शिक्षा अधिकारी रीवा का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मामले को संज्ञान में लेते हुए जवा के कर्मचारियों का एनपीएस राशि मिसिंग क्रेडिट कराए जाने की मांग की गई है।

## रासेयो का विशेष सात दिवसीय शिविर 17 से

**आंचलिक डेस्क।** यमुना प्रसाद शास्त्री महाविद्यालय सिरमौर के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष सात दिवसीय शिविर 17 से 23 फरवरी तक ग्राम पचायत शा. पू. मा. विद्यालय सदहना सिरमौर मे लगाया जाऐगा। कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना दो प्रवेश चंद दुबे ने बताया कि यह शिविर समन्वयक अधिकारी अभिमन्यु सिंह के दिशा निर्देश पर लगाया जा रहा है। शिविर के मार्गदर्शक यमुना प्रसाद शास्त्री महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओपी द्विवेदी होंगे. जिनके दिशा निर्देश पर शिविर संपन्न कराया जाएगा। महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं शिविर में भाग लेंगे, शिविर के तहत शिक्षा स्वच्छता स्वास्थ्य वृक्षारोपण सांस्कृतिक गतिविधियां कराई जाएगी। शिविर का शुभारंभ 17 फरवरी को ग्राम पंचायत सरपंच सरोज रावत के द्वारा किया जाएगा। शिविर में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य भी उपस्थित होंगे।

## हनुमना नगर में अतिक्रमण पर जिला प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग



### जिला प्रशासन के आदेश की हो रही है अवहेलना, नगरीय प्रशासन बना मूक दर्शक

**हनुमना, नि.प्र.।** नवीन जिला मऊगंज बन जाने के बाद भी नगर की व्यवस्था जस की तस हालत में देखने को मिल रही है। स्थानीय निवासियों ने संवाददाता को बताया कि विभिन्न जिले बनाए गए, वहां पर परिवर्तन और विकास साथ-साथ हो रहा है परंतु हनुमना नगर में अतिक्रमण विकास में बाधा बन रहा है। जिला प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान का आदेश कई बार पारित किया गया लेकिन नगरीय प्रशासन के द्वारा केवल और केवल खाना पूर्ति और कागज में अतिक्रमण को हटाया गया है। समाचार के माध्यम से जिले के उच्च अधिकारियों का ध्यानाकर्षण भी कराया गया। लेकिन जिला अधिकारी के आदेश की अवहेलना हनुमना नगर के प्रशासन द्वारा किया जा रहा है जबकि हनुमना नगर में ओल्ड एनएच 7 एवं सीधी रोड, गल्ला मंडी रोड, धर्मशाला प्रांगण, गांधी पार्क गली ,पुरानी गल्ला मंडी, सड़क विभिन्न मार्गों में अतिक्रमण से जनजीवन अत्यधिक प्रभावित हो चुका है, जिससे विकास अवरुद्ध हो चुका है । स्थानीय लोगों ने संवाददाता को बताया कि ग्रामीण एवं नगरीय आम जनमानस को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिस कारण से ग्रामीण लोग हनुमना बाजार को छोड़कर अन्य बाजार को अच्छा और सुगम मानते हैं जिस कारण से हनुमना के व्यापारियों को नुकसान का सामना करना पड़ रहा है जिसकी दुकान किराये पर है वह अपना व्यापार और परिवार कैसे निर्वहन करे, यह एक सोचनीय विषय है। ग्रामीण जनता के साथ-साथ हनुमना नगर के सामाजिक लोगों ने जिला अधिकारी मऊगंज से हनुमना नगर में अतिक्रमण के जाल को सख्ती से हटाने की मांग की है।

## ई-ऑफिस के माध्यम से फाइलों का मूवमेंट सुनिश्चित करें

**मऊगंज।** कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने गूगल मीट के माध्यम से जिला अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में जिले के विकास कार्यों और हितग्राही मूलक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने लोक सेवा गारंटी, ई-ऑफिस, आईजीओटी, फार्मर रजिस्ट्री, स्वामित्व योजना, सीएम हेल्पलाइन, पीएम आवास योजना ग्रामीण और राजस्व प्रकरणों के निराकरण सहित अन्य बिन्दुओं की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की सौ दिन से अधिक समय से के लंबित और नॉन अटेंडेड शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने, निर्माण कार्यों को समय-सीमा के भीतर पूरा कराने, पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ बिना किसी देरी के दिलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पोर्टल पर सभी प्रगति रिपोर्ट को तत्काल अपडेट करना सुनिश्चित करें ताकि जिले की रैंकिंग में सुधार हो। मुख्य सचिव की कॉन्फ्रेंस के लिए अपनी विभागीय रिपोर्ट और उपलब्धियों का डेटा तैयार रखें। सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी गंभीरता से करें ताकि जिला मऊगंज की रैंकिंग प्रदेश में बेहतर बनी रहे। राजस्व और भू-अभिलेखों के लंबित मामलों पर विशेष ध्यान दें। तीन माह से अधिक समय से लंबित सीमांकन, नामांतरण और बँटवारा के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर पोर्टल में दर्ज कराएं। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी ई-ऑफिस के माध्यम से फाइलों का मूवमेंट सुनिश्चित करें। अभी जिन अधिकारियों की ई-ऑफिस में आईडी नहीं बनी है वे तत्काल आईडी बनाकर फाइलों का आदान-प्रदान करें। इससे समय और श्रम दोनों की बचत होगी। शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने स्कूलों और अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही जल जीवन मिशन की योजनाओं की जमीनी हकीकत जांची जाए और यह सुनिश्चित करें कि नल-जल योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुंचे। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन के तहत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के साथ-साथ कुटीर एवं ग्रामोद्योग के भी लंबित प्रकरणों का निराकरण करें। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना योजना के अंतर्गत कारीगरों को मिलने वाले ऋण और उनकी स्वीकृति की प्रक्रिया के संबंध में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को बिना किसी बाधा के लाभ मिल सके।

### कलेक्ट्रेट सभागार में टीएल बैठक आज

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल 16 फरवरी को टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेंगी। बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे से आरंभ होगी। बैठक में ई-आफिस व्यवस्था तथा समय सीमा के पत्रों की भी समीक्षा की जायेगी। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

### आज न्यायालयीन कार्य से पृथक रहेंगे अधिवक्ता

**रीवा।** मप्र. राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर के आह्वान पर आज 16 फरवरी को रीवा के अधिवक्तागण न्यायालयीन कार्य से पृथक रहेंगे। जिला अभिभाषक संघ रीवा के अध्यक्ष के निर्देशानुसार जिला अधिवक्ता संघ शिवपुरी के अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की हत्या के विरोध में यह कदम उठाया जा रहा है।


सिर्फ हल्दी, चंदन ही नहीं
रूप मंत्रा आयुर्वेदिक क्रीम
है 12 प्राकृतिक तत्वों का मिश्रण
Clinically Tested*
Helpful in protection from
• Scars • Wrinkles • Pimples • Dull Skin
24x7 Helpline: 87259 66666 • www.roopmantra.com
New Dr. Juneja's रूप मंत्रा
Ayurvedic Face Cream & Face Washes


## देवास में लोगों ने खंडित की अंबेडकर की प्रतिमा

**मनगवां थाना क्षेत्र के हिनौता देवास का मामला**

**जागरण, रीवा।** मनगवां थाना क्षेत्र के हिनौता देवास में डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा को खंडित करने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना मनगवां पुलिस देते हुए कार्रवाई की मांग की है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम हिनौता देवास में विकास साकेत के द्वारा निजी भूमि पर बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया गया था। आरोप है कि उक्त प्रतिमा को अज्ञात युवकों ने खंडित कर क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे बहुजन समाज ने नाराजगी जताते हुए कार्रवाई के लिए मनगवां थाना में शिकायत दर्ज करवाई है।


चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311


### अवैध शराब से लोड कार छोड़कर तस्कर फरार

**जागरण, रीवा।** लौर थाना पुलिस ने शराब की अवैध खेप से लोड एक कार को पकड़ा है। पुलिस की घेराबंदी देख तस्कर शराब की अवैध खेप सहित कार को छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने फिलहाल कार सहित कार में लोड शराब की खेप को जब्त कर आरोपी तस्करों के विरुद्ध आबकारी एक्ट का प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। बताया गया कि लौर थाना पुलिस ने ग्राम जोधपुर के समीप घेराबंदी कर शराब की अवैध खेप से लोड कार को पकड़ा है। हालांकि यह शराब की खेप कहां से कहां ले जाई जा रही थी, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। कार्रवाई के संबंध में लौर थाना पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक कार में शराब की खेप लोड कर लाई जा रही है, सूचना मिलते ही पुलिस ने जोधपुर के समीप घेराबंदी कर कार को पकड़ा, इस दौरान कार में सवार दो तस्कर मौके से भाग खड़े हुए।

### नेशनल हाइवे में रफ्तार का कहर

# इनोवा ने बाइक सवार को कुचला वाहन की टक्कर से महिला की मौत

**गुढ़ बायपास एनएच 39 व मनगवां एनएच 30 में हुए हादसे**



जागरण, रीवा

जिले में दो अलग-अलग नेशनल हाइवे में हुए हादसे में एक पुरुष और एक महिला की जान चली गई। पहली घटना मनगवां एनएच 30 में सुबह करीब 5 बजे के आसपास मिसिरगवां के पास हुई जहां सड़क पार कर रही महिला की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई, वहीं दूसरी घटना गुढ़ बायपास में एनएच 39 में हुई जहां बाइक सवार युवक को सीधी की ओर से आ रही इनोवा कार ने कुचल दिया और मौके पर ही युवक की जान चली गई। गुढ़ बायपास में दोपहर हुए भीषण सड़क हादसे के बाद जाम की स्थित भी कुछ देर के लिए निर्मित हुई जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने इनोवा वाहन को जब्त कर किया वहीं मृतक के शव को अस्पताल की मर्चुरी में रखवाया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक सीधी की तरफ से आई तेज रफ्तार इनोवा कार के बाइक को टक्कर मारी। घटना में बाइक सवार बाइक सहित इनोवा कार के नीचे फंस गया। इस बीच इनोवा कार चालक भागने की फिराक में बाइक सवार को कई बार कुचल दिया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी जान चली गई। मृतक की पहचान ग्राम गौरा निवासी कीरत सिंह उर्फ मुनमुन पिता रामकिंकर सिंह निवासी गौरा थाना मनगवां के रूप में की गई है। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मृतक मुनमुन सिंह बाल ज्योति स्कूल गुढ़ में अपना बोलोरो वाहन लगाए हुए थे। उक्त वाहन की रिपेयरिंग के लिए वह गैराज बाइक से आए थे, अचानक वो बाइक से जाने लगे, तभी विपरीत दिशा से आई इनोवा कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया की टक्कर इतनी भीषण थी कि मृतक व्यक्ति इनोवा गाड़ी के नीचे फंस गए और वाहन चालक भागने की फिराक में था, लेकिन बीच गाड़ी में बाइक और मृतक फंस जाने की वजह से ड्राइवर भाग नहीं पाया और घिसटने की वजह से बाइक सवार की मौत हो गई। गुढ़ पुलिस मर्ग कायम कर दुर्घटनाकारित करने वाली इनोवा सहित उसके चालक को हिरासत में लिया है, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**हाइवे में लगा रहा जाम**

गुढ़ बायपास एनएच 39 में स्कूल वाहन चलाने वाले युवक की मौत के बाद परिजनों को घटना की सूचना मिली जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंची साथ ही पुलिस को भी हादसे की सूचना दी गई। घटना के बाद हाइवे में जाम की स्थित निर्मित हो गई, जिसके बाद पुलिस ने मृतक के शव को पीएम के लिए मर्चुरी भिजवाया साथ ही दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को थाना ले जाया गया, जिसके बाद आवागमन सुगम रूप से बहाल हो सका। पुलिस की मानें तो हाइवे में तेज रफ्तार के चलते हादसा हुआ है।

### सड़क पार कर रही महिला को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

मनगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मिसिरगवां में पेट्रोल पंप के समीप रविवार की तड़के तकरीबन 5 बजे हुए सड़क हादसे में सड़क पार कर रही महिला की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू कर दी है। सड़क हादसे के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम मिसिरगवां निवासी अनीता साकेत पति शैलेंद्र साकेत अपनी सास के साथ सुबह तकरीबन 5 बजे शौच क्रिया के लिए घर से निकली थी। बताया गया कि अनीता जैसे ही सड़क पार करते हुए बीच सड़क पर पहुंची तभी अज्ञात वाहन ने अनीता को जोरदार टक्कर मार दी जिससे अनीता दूर जा गिरी। परिजनों द्वारा घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतका के परिजनों ने बताया कि वाहन की पहचान नहीं हो पाई है, पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन सहित चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## बेटी के विवाह की तैयारी पर चोरों ने फेरा पानी, लाखों के आभूषण पार

**हनुमना थाना क्षेत्र के बरयाकला कुसड़ी गांव की घटना**

**जागरण, रीवा।** मऊगंज के हनुमना थाना क्षेत्र अंतर्गत बरयाकला पंचायत के कुसड़ी गांव में बदमाशों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात चोरों ने लाखों के आभूषण पार कर दिए। बेटी के विवाद ही तैयारी में लगे परिवार के अरमान में चोरों ने पानी फेर दिया। घटना की शिकायत के बाद हनुमना पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। बतााया गया कि कुसुड़ी गांव में रहने वाले रमाशंकर पाण्डेय अपनी बेटी का तिलक चढ़ाने हनुमना थाना क्षेत्र के नाउन गांव गए थे। 19 फरवरी को बारात आनी थी, घर में शादी की तैयारियां चरम पर थीं। इसी बीच शनिवार-रविवार की दरमियानी रात जब वे घर लौटे तो सामने का दरवाजा बंद था, लेकिन पीछे का गेट खुला मिला। अंदर कदम रखते ही उनके होश उड़ गए, कमरों में सामान बिखरे थे, अलमारी और पेटियों के ताले टूटे पड़े थे। बताया गया कि अज्ञात चोर 20 हजार नकद, 14 तोला सोना और 2 किलो 180 ग्राम चांदी सहित कुल 31 लाख 61 हजार रुपये का सामान ले उड़े। बताया गया कि जिस घर में शहनाई की गूंज होनी थी, वहां चोरी की घटना के बाद सन्नाटा पसरा है। परिवार ने हनुमना थाना में मामले की शिकायत दर्ज करवाई है, साथ ही पुलिस से न्याय की मांग की है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से संदेहियों के बारे में भी जानकारी दी है, जिसके बाद पुलिस पूरे मामले की तह तक जाने का प्रयास कर चोरी का पर्दाफाश करने में लगी हुई है।

# ट्रैक्टर के कल्टीवेटर में फंसकर स्कूटी सवार के हाथ-पैर फ्रैक्चर

**रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र के रामनई के पास की घटना**



**जागरण, रीवा।** स्कूटी से रीवा शहर से अपने घर जा रहे 62 वर्षीय कर्मचारी को विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में कर्मचारी का एक पैर और हाथ फ्रैक्चर हो गया। घटना रामनई के पास शुक्रवार शाम की बताई गई। घटना के बाद घायल श्रीनाथ तिवारी पिता रामनाथ तिवारी 62 वर्ष निवासी तिवनी को संजय गांधी अस्पताल लाया गया, जिसके बाद उन्हें निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। परिजनों ने बताया कि स्कूटी सवार संजय गांधी अस्पताल के पीडब्ल्यूडी विभाग में पदस्थ हैं, वो रीवा से अपने गांव तिवनी लौट रहे थे। जैसे ही रामनई के पास पहुंचे, उल्टी साइड से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही पूर्वक ट्रैक्टर चलाते हुए उनको अपनी चपेट में ले लिया। बताया गया कि ट्रैक्टर के कल्टीवेटर में स्कूटी सवार वाहन सहित फंस गया जिससे वह काफी दूर तक घिसटता चला गया। हादसे में घायल का एक पैर बुरी तरह फ्रैक्चर हो गया जबकि हाथ में भी गंभीर चोट पहुंची है। पीड़ित की शिकायत के बाद रायपुर कर्चुलियान पुलिस पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई में लगी हुई है।

# शहर में सटोरियों का फैला नेटवर्क, खुलेआम चल रहा सट्टा कारोबार!

### पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल



**जागरण, रीवा।** शहर में अवैध सट्टा कारोबार एक बार फिर सुर्खियों में है। विभिन्न इलाकों में सटोरियों ने अपना नेटवर्क इस तरह फैला लिया है कि खुलेआम सट्टा-पर्ची का खेल संचालित हो रहा है, जबकि जिम्मेदार तंत्र की सक्रियता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सट्टा संचालन करने वाले गिरोह लंबे समय से सक्रिय हैं और इनके खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं हो पा रही है। सूत्रों के मुताबिक, सटोरियों द्वारा मोबाइल फोन और ऑनलाइन माध्यमों का उपयोग कर दूर-दराज तक नेटवर्क फैलाया गया है। छोटे-छोटे एजेंट मोहल्लों में बैठकर नंबर लिखते हैं और शाम होते ही रकम का हिसाब-किताब किया जाता है। इससे युवाओं में तेजी से लत बढ़ रही है और कई परिवार आर्थिक संकट में फंस रहे हैं। नागरिकों का आरोप है कि कई बार शिकायतों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होती, जिससे सटोरियों के हौसले बुलंद हैं। हालांकि पुलिस का कहना है कि अवैध सट्टे के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और सूचना मिलने पर कार्रवाई की जाती है। हाल ही में कुछ संदिग्धों को पकड़कर पूछताछ भी की गई है। शहरवासियों ने मांग की है कि सट्टा कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए, प्रमुख संचालकों की पहचान कर सख्त कानूनी कार्रवाई हो और संबंधित क्षेत्रों में नियमित निगरानी बढ़ाई जाए, ताकि युवाओं को इस अवैध जाल से बचाया जा सके।

### इन स्थानों पर कट रही सट्टा पर्ची

विश्वस्त सूत्रों से हासिल जानकारी के मुताबिक शहर के तीन थाना क्षेत्रों में लंबे समय से सट्टा पर्ची का खेल सटोरियों द्वारा संचालित किया जा रहा है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के दो स्थानों पर इस समय जोरों से सट्टा पर्ची का खेल चल रहा है। बस स्टैण्ड के सामने हाउसिंग बोर्ड बिल्डिंग के पीछे सट्टा पर्ची काटने वाले सक्रिय है, इसी तरह कबाड़ी मोहल्ले में फल दुकान की बगल से नदी की तरफ जाने वाले मार्ग में महसांव का चौरसिया महिलाओं के माध्यम से सट्टा पर्ची कटवा रहा है, इसके अलावा समान और बिछिया थाना क्षेत्र में भी लंबे समय से सट्टा पर्ची का खेल चल रहा है।

# ट्रेन में चोरी हुए हार की डिजाइन तीन जिलों के रेलवे स्टेशन और पुलिस थानों में पहुंची

### जीआरपीएफ ने निकाली 6 घंटे की फुटेज



**जागरण,रीवा।** डॉ.आंबेडकर नगर-रीवा एक्सप्रेस से इंदौर से रीवा जा रहे परिवार के साथ 2 फरवरी को सफर के दौरान बड़ी घटना हुई। यहां ट्रेन में सोते समय चोर ट्रेन के अंदर से पर्स चोरी कर ले गया। जब सुबह नींद खुली तो पर्स न मिलने पर 3 फरवरी को रेलवे के रीवा पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज कराया था। चोरी गए सामान में सोने की चेन, मंगलसूत्र, अंगूठियां, चांदी की पायल-बिछिया, करीब 20 हजार रुपए नकद थे। शिकायत के बाद कार्रवाई न होने पर फरियादी सुप्रिया सिंह सीएम हेल्प लाइन पर शिकायत की थी। शिकायत के बाद सागर जीआरपीएफ ने ट्रेन के आने से लेकर जिन-जिन स्टेशनों पर ट्रेन रुकी थी। वहां की 6 घंटे की सीसीटीवी फुटेज निकाली है और हार की डिजाइन को तीन जिलों व रेलवे स्टेशन के लिए भेजा है।

### सागर में दंपति से ली गई जानकारी

हेल्पलाइन में शिकायत के बाद 11 फरवरी को सागर पुलिस ने फोन कर दंपती को फुटेज देखने के लिए सागर बुलाया गया था, फरियादी का कहना है कि यदि फुटेज उपलब्ध है तो पुलिस स्वयं आरोपी की पहचान कर कार्रवाई क्यों नहीं कर रही। इस पर सागर जीआरपीएफ के अनुसार घटना सामने आने के बाद सीसीटीवी फुटेज निकाली गई है, इसके लिए फरियादी को बुलाया भी गया था, ताकि वह संदिग्ध की पहचान कर सकें। फुटेज करीब 6 घंटे की है, इसलिए उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से नहीं भेजा जा सकता। वहीं ट्रेन में अंधेरा और पर्दे लगे होने के कारण भी कुछ स्पष्ट नहीं दिख रहा है। अगर फरियादी सागर आए तो साथ बैठकर फुटेज देखे पुलिस संदिग्ध के हाव-भाव के आधार पर पहचान की जा सकती है। चोर को पकड़ने के लिए सागर-दमोह-बिना और कटनी की पुलिस को सुचित किया है। वह भी अपने स्तर पर जांच कर रही है। सभी जगह मुखबिरों को सक्रिय किया गया है।

### आदतन चोरों से भी की जा रही पूछताछ

बताया गया कि महिला ने जो शिकायत की है और जिन जेवरात के चोरी होने की बात है, उनके डिजाइन लेकर सभी जिलों में मुखबिरों, सुनारों को भेजे जा सके। साथ ही सभी थानों के शातिर बदमाशों और आदतन चोरों से भी पूछताछ की जा रही है।


डॉ. बीरभान सिंह
एम.डी. (मेडिसिन)
DrNB (न्यूरोलॉजी) पी.जी.आई.एम.एस. रोहतक
कंसल्टेन्ट न्यूरोलॉजिस्ट
उपलब्ध सुविधाएं
• कमर दर्द (साइटिका • मिर्गी (फिट), बुखारी मिर्गी, बच्चों की मिर्गी • सिर दर्द माइग्रेन/अर्ध कपारी
• मूवमेंट डिसार्डर्स (आँखें एवं चेहरे का फड़कना, गर्दन टेढ़ी होना) • बोटॉक्स का इंजेक्शन लगाना
• पार्किंसंस (हाथ पैर में कपन होना), अनिद्रा, नींद में बडबडाना या चौक जाना। • चक्कर आना (वर्टाइगो)
• यादाश्त में कमी, पेशाब का पता न चलना व कपड़ों में पेशाब निकल जाना, भूलने की बीमारी।
• आँखों में दर्द के साथ-साथ धुंधला दिखना और दो-दो दिखाई देना, रंग साफ न दिखना आचानक से आँखो की रोशनी कम होना • हाथ पैर में झनझनाहट या सुन्नपन, झुनझुनी (न्यूरोपैथी)
• अनिद्रा (स्लीप डिसाआर्डर) • मस्तिष्क एवं रीढ़ के इन्फेक्शन • चलने में परेशानी, लड़खड़ा के चलना, धीरे-धीरे चलना, चलते समय गिर जाना व गिरने का भय। • दिमागी बुखार • मांसपेशियों में कमजोरी, फड़कना या हाथ पैर का पतला होना • गर्दन दर्द (सर्वाइकल स्प,ण्डलाइटिस) • चेहरा का तिरछापन (बेल्स पालसी)
पताः श्रवण कुमारी स्कूल के पास,गुड़ रोड चिरहुला, रीवा (म.प्र.) मो. 7869516171

विंध्य के वरिष्ठ डॉक्टर
डॉ प्रदीप निगम
MD, DrNB (गैस्ट्रो)
पेट, लीवर, पित, आंत पैंक्रियाज एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधा
• एंडोस्कोपी
• कोलोनोस्कोपी
• फाइब्रोस्केन
• ERCP
Call Now 8770352872,7566926696
पता -बाल भारती स्कूल के सामने, समदड़िया गोल्ड सिरमौर चौराहा रीवा

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय-प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद्र दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेषः- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
परामर्श क्लीनिकः शॉप नं. 86 तानसेन कॉप्लेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

Minerva The Medicity A MULTI SUPERSPECIALITY HOSPITAL
मिनर्वा द मेडिसिटी
मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा
जन्मजात बाल्य हृदय रोग एवं बाईपास सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क इलाज
फोर्टिस हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा
विशेष सूचना
दिनांकः20, 21, 22 फरवरी 2026
कार्डियक सर्जरी
पुनः निःशुल्क उपलब्ध
असुविधा से बचने के लिए पूर्व में ही रजिस्ट्रेशन करवाएं
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैंड, रीवा (म.प्र.)
9893516364, 8770288324 | टोल-फ्री नंबरः- 18008892250

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
* IUI, IVF, ICSI
* फ्रोजन एंब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET)
* एग फ्रीजिंग
* एंब्रियो फ्रीजिंग
* स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com